www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 286 || अम्बेडकरनगर
रविवार
11 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:57
सूर्यास्त: 05:32
अधिकतम: 17°00
न्यूनतम: 08°00



पेज 07
विशेष समाचार: लोकतंत्र के लिए चेतावनी है ... >> पेज 04
2.50 करोड़ के गांजा के साथ ... >> पेज 06
बहन नूपुर की संगीत में जमकर ...

## मंदिर को बम से उड़ाने की कई धमकियां मिल चुकी हैं



● 22 अगस्त 2024- श्रीराम-जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के हेल्प डेस्क मोबाइल नंबर पर वॉट्सऐप के माध्यम से धमकी दी गई थी। धमकी भरे संदेश में लिखा गया, 'बहुत जल्द वे मंदिर को नष्ट कर देंगे और मस्जिद बनाएंगे..., मंदिर को 4000 किलो RDX से नष्ट कर दिया जाएगा...।' इस मामले में UP ATS ने 14 सितंबर को बिहार के भागलपुर से मोहम्मद मकसूद नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। प्रारंभिक पूछताछ में मालूम हुआ कि मकसूद राम मंदिर निर्माण से गुस्सा था।

● 28 मई 2024- पहले एक ID से इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई। फिर 112 पर कॉल आई। राम मंदिर को उड़ाने की धमकी मिलते ही पुलिस ने साइबर एक्सपर्ट और सर्विलांस टीम को तुरंत एक्टिव किया। दहशत न फैले, इसलिए पुलिस ने अंदरखाने जांच की। जांच में धमकी देने वाले की लोकेशन कुशीनगर की निकली। पुलिस ने धमकी देने वाले बलुआ तकिया क्षेत्र के रहने वाले एक 16 साल के किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में पता चला कि नाबालिग मानसिक तौर पर स्वस्थ नहीं है।

● 11 नवंबर, 2024- खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। कहा था- हम हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे।

# जैसे-जैसे हम एक होंगे, उनके टुकड़े होंगे : भागवत

## वह अंदर से खोखले हो रहे, सारी दुनिया में हार रहे हैं

तमसा संकेत, एजेंसी



मथुरा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- जैसे-जैसे सनातन धर्म के सब लोग एक होते जाएंगे। वैसे-वैसे ये टूटते जाएंगे। आप देख लीजिए पिछले 50 सालों में जैसे-जैसे हिंदू एक होता गया। वैसे-वैसे इनके टुकड़े होते चले गए। ये अंदर से खोखले हो गए हैं, सारी दुनिया में हार रहे हैं। वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, लेकिन जैसे हमें तैयार होना है, वैसे हम तैयार नहीं हुए हैं। इसलिए वह हमारे सामने नाच रहे हैं। उन्होंने कहा- हमारे ऊपर 500 साल तक मुगलों ने राज किया। अगर हमारा कुछ बुरा होना होता, तो उसी समय हो जाता। लेकिन उसमें से हम बाहर आए। फिर से हिंदुओं का देश आगे बढ़ रहा है। अत्याचारों में हमने अपने धर्म को बचाकर रखा। यह शक्ति कहां से आई...भक्ति से आई। भागवत ने यह बात वृंदावन के सुदामा कुटी आश्रम के शताब्दी महोत्सव में शनिवार को कहीं। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि किनके टुकडे होते चले जाएंगे। उन्होंने सुदामा दास जी महाराज के जीवन परिचय और नाभा पीठ का परिचय कराने वाली पुस्तक का विमोचन किया। भागवत ने कहा कि समाज में सारी विषमताओं को दूर करने के लिए जो विराट सत्ता चाहिए, वह भक्ति के बल पर ही मिलेगी। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम के लिए मैं कभी मना नहीं करता। ऐसे कार्यक्रम से बैटरी चार्ज होती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### परिसर में घुसे 2 युवक और 1 युवती पकड़े गए, खुद को कश्मीर का रहने वाला बताया

# अयोध्या के राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर में शनिवार सुबह 3 लोग घुस गए और नमाज पढ़ने की कोशिश करने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उन्हें रोका और हिरासत में ले लिया। पकड़े गए लोगों में 1 युवक, एक 56 साल का व्यक्ति और 1 युवती शामिल है। इन लोगों ने खुद को कश्मीर का रहने वाला बताया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



यह कश्मीर के शोपियां का रहने वाला अबू अहमद शेख (56) है, जो राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने घुसा था।

### शराब की दुकानें हो रही संचालित

गौरतलब है कि अयोध्या नगर निगम ने अयोध्या–फैजाबाद को जोड़ने वाले 14 किलोमीटर लंबे राम पथ पर मांस और शराब की बिक्री बंद करने का फैसला लिया था. स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब बिक्री पर यह प्रतिबंध अब तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका है और राम पथ क्षेत्र में कई शराब की दुकानें अब भी संचालित हो रही हैं.

### राम मंदिर के गेट डी1 से घुसे

तीनों राम मंदिर के गेट D1 से घुसे। इसके बाद सीता रसोई के पास अबू अहमद शेख नमाज पढ़ने के लिए बैठ गया। पुलिसवालों ने उसे उसे ऐसा करते देखते ही हिरासत में ले लिया। वह कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। वहीं, पकड़ी गई लड़की नाम सोफिया है। दूसरे युवक का नाम अभी पता नहीं चल पाया है।

### रोज डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंच रहे राम मंदिर

22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर पर आतंकी हमले को लेकर धमकियां मिलती रहती हैं।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर पर आतंकी हमले को लेकर धमकियां भी मिलती रहती हैं। ऐसे में अयोध्या की सुरक्षा को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए यहां एनएसजी का हब बनाने की तैयारी है। एनएसजी यूनिट विशेष हथियार (स्पेशलाइज्ड वेपन) और एंटी ड्रोन तकनीक से लैस होगी।

# कल्पवासियों की सहूलियत के लिए 'मेला सेवा' एप

## प्रयागराज पहुंचे सीएम ने किया एप का विमोचन, श्रद्धालु दे सकते हैं सुझाव व शिकायत

बैठक

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के माघ मेले में आने वाले कल्पवासियों के लिए तैयार किया गया है मेला सेवा एप। इसका आज शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मेला प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में विमोचन किया। कल्पवासियों की सहूलियत के लिए इस एप को बनाया गया है। इस एप के क्यूआर कोड स्कैन करके श्रद्धालु अपनी शिकायतें एवं सुझाव को दे सकते हैं। इसके पहले कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से माघ मेला के आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

> "मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 से 18 जनवरी के बीच कम समय में दो महत्वपूर्ण स्नान पर्वों को सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए अभी से सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्नानपर्वों को कराने का काम करें।"



मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा यदि कोई भी सुझाव या कार्य बताए जाएं तो उसपर प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाये। विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने एयरपोर्ट पर समुचित रूप से प्रकाश की व्यवस्था को बढ़ाये जाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## फास्ट न्यूज

### ओडिशा में 9 सीटर विमान क्रैश

राउरकेला। ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 Km दूर जाल्दा इलाके की है। घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है।

### नेवी पश्चिम बंगाल के हल्दिया में बेस बना रही

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक नया नेवी बेस बनाने जा रही है। इंडिया टुडे ने रक्षा सूत्रों के हवाले से ये खबर दी है। इसके मुताबिक, यह कदम चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों और बांग्लादेश-पाकिस्तान से जुड़े बदलते क्षेत्रीय सुरक्षा हालात को देखते हुए उठाया जा रहा है। इसका मकसद उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भारत की समुद्री मौजूदगी को मजबूत करना है। यह नया बेस एक पूर्ण नौसैनिक कमांड न होकर "नेवल डिटैचमेंट" के रूप में काम करेगा।

### मोदी 17 जनवरी को पहली वंदेभारत स्लीपर का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर 17 जनवरी से कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन में करेंगे। यह ट्रेन 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी।

# पीडीए वोट काटने की साजिश का आरोप

## अखिलेश ने एसआईआर पर उठाए गंभीर सवाल

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर पीडीए के वोट काटने और फर्जी वोट बनवाने की साजिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा, पंचायत के वोटरों में करोड़ों का अंतर है, जबकि एक ही बीएलओ उनके एसआइआर का ड्राफ्ट तैयार कर रहा है। जो डबल-ट्रिपल फर्जी वोट थे, उनको भाजपा दोबारा बनवाना चाहती है। ऐसे मामलों में हम एफआइआर कराएंगे। इसके लिए एक प्रारूप तैयार कर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को दिया जा रहा है, जिसमें उन्हें केवल विवरण भरना होगा। जरूरत पड़ने पर पार्टी न्यायालय जाएंगी। शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि ड्राफ्ट सूची से पहले मुख्यमंत्री ने चार करोड़ वोट कटने की बात कही थी। अब हर बूथ पर 200 वोट बनवाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग की विश्वनीयता क्या है? विधानसभा की सूची में 12.56 करोड़ मतदाता है, जबकि ग्राम पंचायत में 12.69 करोड़ मतदाता हैं।



>> (शेष पेज 06 पर)

### मेरठ जाने के लिए फोर्स को ढकेलते हुए डिवाइडर कूदे, कार छोड़कर बाइक पर बैठे

# सांसद चंद्रशेखर को पुलिस ने रोका तो धक्का-मुक्की

विवाद

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में दलित महिला की हत्या कर उसकी बेटी को अगवा करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिवार से मिलने जा रहे भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने गाजियाबाद के डासना बॉर्डर पर रोक लिया। डिवाइडर फांदकर हाईवे की ओर बढ़े तो भारी संख्या में पुलिस फोर्स ने उन्हें रोका। इस दौरान चंद्रशेखर की पुलिस से बहस हुई। उनके बीच कई मिनट तक धक्का-मुक्की होती रही। गुस्सा में चंद्रशेखर ने कहा- हाथ मत लगाना, हाथ हटाइए। इसके बाद नगीना सांसद पुलिस फोर्स को ढकेलते हुए निकले और हाईवे पर दौड़े लगे। फिर हाईवे पर दूसरे साइड जाकर बाइक पर ट्रिपलिंग की और 25 किलोमीटर दूर भोजपुर पहुंचे। यहां भी पुलिस ने रोका। इससे पहले परिवार से मिलने जा रहे सांसद रामजीलाल सुमन और सपा विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने प्रतापपुर टोल पर रोक दिया। इसके बाद सपा कार्यकर्ता भड़क गए। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इसका वीडियो भी सामने आया है।





>> (शेष पेज 06 पर)

चंद्रशेखर ने मेरठ टोल पर कहा है कि उनकी पहली मांग है कि उन्हें पीड़ित परिवार से मिलने दिया जाए। उत्तर प्रदेश की हर बहन-बेटी को सुरक्षित रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर किसी ने बेटी का अपमान किया तो हर चौराहे पर यमराज खड़ा मिलेगा और वहीं यमराज उसे कहीं और पहुंचा देगा।

### कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ- प्रदीप नरवाल

कांग्रेस के पश्चिमी यूपी प्रभारी प्रदीप नरवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दलितों के साथ रही है। चाहे हाथरस कांड हो या लखीमपुर खीरी कांड हो पार्टी हमेशा पीड़ितों के साथ रही है। सरधना में हुए इस कांड में भी हमारी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है।



सपा विधायक की SP ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा और परतापुर थाना प्रभारी अजय शुक्ला से जमकर धक्का-मुक्की हुई।

- 30 घंटे बाद रूबी की मां सुनीता का अंतिम संस्कार कर दिया गया।
- दलित परिवार से मिलने जा रहे चंद्रशेखर बाइक से निकले है।

### आरोप : 4 सुसाइड अटेम्प भी, अमर्त्य सेन-मोहम्मद शमी को भी परेशान किया गया, ईसी को लेकर लिखा

# ममता का दावा : एसआईआर के कारण राज्य में 77 मौतें

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता/नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान करने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा, 'SIR प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह SIR प्रक्रिया रही। लोगों में डर रहा, दबाव रहा। SIR बिना तैयारी कराया गया। CM ने आरोप लगाया कि नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन जैसे बुजुर्ग और सम्मानित लोगों से भी पहचान साबित करने को कहा गया। इसी तरह कवि जॉय गोस्वामी, अभिनेता-सांसद दीपक अधिकारी और क्रिकेटर मोहम्मद शमी को भी इस प्रक्रिया का सामना करना पड़ा। दरअसल पश्चिम बंगाल में SIR की ड्राफ्ट लिस्ट में 58.20 लाख नाम कट गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से पहले राज्य में 7.66 करोड़ थे, ड्राफ्ट लिस्ट में 7.08 करोड़ वोटर्स का नाम शामिल किया गया। काटे गए वोटर्स का प्रतिशत 7.6 है, यानी हर 100 से में लगभग 8 वोटर्स का नाम हटाया गया है।



### एसआईआर को लेकर ममता के 6 बडे आरोप

- शादी के बाद सरनेम बदलने वाली महिला वोटर्स को बार-बार बुलाया जा रहा है। जो महिलाओं और असली मतदाताओं का अपमान है।
- कई जगहों पर बिना प्रशिक्षण वाले पर्यवेक्षकों को लगाया गया। कुछ मामलों में आम लोगों को देशद्रोही तक कहा गया।
- पुलिस का काम आम जनता की सुरक्षा है, न कि पर्यवेक्षकों को बचाना।
- गड़बड़ी के नाम पर चुनिंदा इलाकों में ही सुधार किया जा रहा है। ये राजनीतिक पक्षपात है।
- पश्चिम बंगाल में इस्तेमाल हो रहा पोर्टल दूसरे राज्यों से अलग है। नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं।
- नाम की मामूली वर्तनी, उम्र में छोटे अंतर या रिकॉर्ड की छोटी गलतियों पर लोगों को परेशान किया जा रहा है।

# बच्चे लेकर बुलडोजर के सामने खड़ी हुईं महिलाएं

## बोलीं- बद्दुआ देती हूं, कभी सुखी नहीं रहोगे

- अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। फोर्स ने चारों तरफ से घेर रखा है।
- एक महिला डंडा लेकर विरोध कर रही है। बोलीं- हम बद्दुआ दे रहे कि कभी सुखी नहीं रहोगे।

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम की टीम शनिवार को रोहनिया के अविलेशपुर गांव में कब्जा हटाने पहुंची। मकानों पर बुलडोजर चलाना शुरू किया तो महिलाओं ने विरोध किया। बच्चों को लेकर बुलडोजर के सामने खड़ी हो गईं। टीम उन्हें किनारे हटाने लगी तो पुलिस से उनकी नोकझोंक हुई। इस दौरान महिलाओं ने रोते हुए कहा- बद्दुआ देती हूं, तुम लोग कभी सुखी नहीं रहोगे। पुलिस के सामने एक महिला हथौड़ा लेकर खड़ी हो गई। गाली देते हुए महिला दरोगा पर हथौड़ा तान दी। एक महिला डंडा लेकर विरोध करती दिखी।



>> (शेष पेज 06 पर)

## 4 राज्यों में शादी की, धर्मांतरण कराया, लखनऊ केजीएमयू में बेटे को टारगेट दिया

# लव-जिहाद में गिरफ्तार डॉक्टर के बाप की 4 हिंदू बीवियां

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ KGMU के रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन से जुड़े मामले में पुलिस जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे उसके पिता सलीमुद्दीन की भूमिका को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, सलीमुद्दीन ने 4 राज्यों में निकाह किए थे। उसकी चारों पत्नियां पहले हिंदू थीं। सलीमुद्दीन कथित तौर पर लंबे समय से धर्मांतरण की गतिविधियों में सक्रिय था। उसने जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की हिंदू लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया।



पुलिस गिरफ्त में डॉ. रमीज

### पहली पत्नी के रहते किया दूसरा निकाह

सलीमुद्दीन ने पहली पत्नी के रहते 35 साल पहले खतीजा नाम की महिला से दूसरा निकाह किया, जो पहले हिंदू थी। रमीज पहली पत्नी का बेटा है, जो पंजाबी थी। परिवार के भीतर ही ऐसी सोच विकसित की गई।

### क्लिनिक बना संपर्क का जरिया

सलीमुद्दीन उत्तराखंड के खटीमा में होम्योपैथिक क्लिनिक चलाता था। पुलिस के अनुसार, वह इलाज के बहाने महिलाओं से नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करता था। उसकी गतिविधियों से परेशान होकर कई लोगों ने उससे दूरी बना ली थी, जिसके बाद वह अक्सर पीलीभीत के न्योरिया स्थित अपने पैतृक घर में रहने लगा था। पुलिस ने सलीमुद्दीन और उसकी पत्नी खतीजा को सोमवार (5 जनवरी) को मुमताज कोर्ट अपार्टमेंट, ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया था। दोनों मूल रूप से खटीमा, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखंड) के निवासी हैं। वर्तमान में लखनऊ में किराए के फ्लैट में रह रहे थे।

पुलिस का कहना है कि सलीमुद्दीन, उसका बेटा रमीज और काजी जाहिद हसन राना मिलकर बंद कमरों में दीनी तालीम के नाम पर बैठकें करते थे। इन बैठकों में कथित तौर पर कट्टर विचारधारा का प्रचार किया जाता था और एक संगठित गिरोह खड़ा करने की कोशिश चल रही थी।



### ठाकुरगंज से पकड़ा गया डॉ. रमीजुद्दीन

पुलिस ने KGMU में लव जिहाद और धर्मांतरण के आरोपी डॉक्टर रमीजुद्दीन को ठाकुरगंज से शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार किया। उस पर 50 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस टीमें उसकी तलाश 4 राज्यों यूपी, उत्तराखंड, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में कर रही थीं। पुलिस ने लखनऊ, पीलीभीत और खटीमा वाले घरों पर 7 जनवरी को ही कुर्की का नोटिस चिपकाया था। मामला 23 दिसंबर 2025 को सामने आया था, जब KGMU में एमडी पैथोलॉजी की छात्रा ने चौक थाने में शिकायत दी थी।

# शीतलहर के बीच प्रशासन सक्रिय

## फतेहपुर में अधिशासी अधिकारी ने देर रात संभाली मोर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर नगर पंचायत फतेहपुर में ठंड से बचाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की शुक्रवार देर रात गहन समीक्षा की गई। इस क्रम में अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने स्वयं नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अलाव और रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। देर रात किए गए निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जलाए जा रहे अलावों की स्थिति को परखा। उन्होंने यह देखा कि अलाव पर्याप्त मात्रा में जल रहे हैं या नहीं, जलावन की उपलब्धता कैसी है और ठंड से राहत पाने के लिए लोग इन व्यवस्थाओं का लाभ उठा



पा रहे हैं या नहीं। कुछ स्थानों पर उन्होंने अलाव को और प्रभावी ढंग से जलाने तथा जरूरत के अनुसार अतिरिक्त जलावन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद संध्या मिश्रा बस स्टॉप के पास संचालित रैन बसेरा पहुंचीं, जहां उन्होंने ठहरे हुए जरूरतमंद और बेसहारा लोगों से बातचीत की। उन्होंने उनसे ठंड से बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनीं। रैन बसेरा में कंबल, बिस्तर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रैन बसेरा में साफ-सफाई की व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखी जाए और किसी भी जरूरतमंद को ठहरने, सोने या अन्य सुविधाओं को लेकर असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बेसहारा, गरीब और असहाय लोगों को शीतलहर से बचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर के सभी संवेदनशील और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर अलाव नियमित रूप से जलाए जाएं। साथ ही रात्रि के समय विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत अतिरिक्त व्यवस्था की जा सके। इस मौके पर लिपिक नदीम अहमद, जीशान अहमद सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

### 10 दिन बाद सुबह धूप खिली

लखनऊ। लखनऊ में सुबह से मौसम साफ है। 10 दिन बाद सुबह ही सूरज निकला और धूप खिल गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज (10 जनवरी) लखनऊ का अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री (-2.4) रहा। न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री (-1.4) रहा।

### गोमती नदी में मिले युवक की पहचान हुई- परिजनों का हंगामा

लखनऊ। गोमती नदी में मिले युवक के शव की शिनाख्त हो गई है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचकर उसकी पहचान दिनेश प्रताप कश्यप के रूप में की। युवक निशातगंज इलाके से 1 जनवरी से लापता था। पत्नी से विवाद के बाद घर से निकला था। शव लेकर घर पहुंचे परिजनों ने देर शाम निशातगंज में गुरुद्वारा रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि महानगर स्थित निशातगंज प्रेम बाजार पुरानी तकिया का रहने वाले दिनेश प्रताप कश्यप (38) शटरिंग का काम करते थे।

### गोमतीनगर से कामाख्या के लिए नई ट्रेन को मंजूरी

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से असम के कामाख्या के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नई ट्रेन जल्द पटरी पर उतरने जा रही है। रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और 18 जनवरी को ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने की संभावना है। ट्रेन की समय-सारिणी और आधिकारिक सूचना शीघ्र जारी की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग का सख्त चेकिंग अभियान

### नो हेलमेट-नो फ्यूल पर कार्रवाई, 21 चालान व ओवरलोड वाहन सीज

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा 8 से 14 जनवरी तक चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा मानकों का पालन न करने वालों पर प्रवर्तन टीम की निगरानी लगातार बनी हुई है, जिससे जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्ती देखने को मिल रही है।विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत नो हेलमेट–नो फ्यूल, सीट बेल्ट, रांग साइड ड्राइविंग, रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) जैसे नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। प्रवर्तन टीम ने विभिन्न स्थानों पर जांच के दौरान कुल 21 वाहनों का चालान किया, जबकि क्षमता



से अधिक माल लदे 2 ओवरलोड वाहनों को थानों में निरुद्ध करते हुए करीब 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।शनिवार को यात्री एवं मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी स्वयं मैदान में उतरे और जिले के दर्जनों पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नो हेलमेट–नो फ्यूल अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना हेलमेट पहने किसी भी दोपहिया वाहन चालक को ईंधन न दिया जाए।

### ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे फेज की डेडलाइन फिर बदली

लखनऊ। गोमतीनगर के समतामूलक चौराहे से निशातगंज होते हुए हनुमान सेतु तक बनने वाला ग्रीन कॉरिडोर (दूसरा फेज) तय समय पर शुरू नहीं हो सका। इस परियोजना को पहले 15 दिसंबर तक जनता के लिए खोलने का दावा किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य पूरे न होने के कारण यह तारीख टल गई। इसके बाद 25 दिसंबर को नई डेडलाइन तय की गई, मगर उस दिन भी ग्रीन कॉरिडोर शुरू नहीं हो पाया। अब अधिकारियों का कहना है कि यह रूट 20 जनवरी के बाद ही खोला जाएगा। लगातार डेडलाइन बदलने से परियोजना पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रीन कॉरिडोर के तहत समतामूलक चौराहे से निशातगंज तक का पुल और सड़क पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है। समतामूलक चौराहे से ग्रीन कॉरिडोर पर चढ़ने के लिए चौराहे का निर्माण भी पूरा कर दिया गया है, जिससे इस हिस्से में ट्रैफिक मूवमेंट के लिहाज से काम लगभग निपट चुका है।

## मांस के टुकड़े 10 मीटर दूर तक फैले, पुलिस कर रही जांच

# युवक-युवती ट्रेन के आगे कूदे, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक और युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना तालकटोरा थाना क्षेत्र के पारा क्रॉसिंग के पास दोपहर करीब पौने दो बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहन जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, मृतक युवक की पहचान निशातगंज न्यू हैदराबाद, बैरल नंबर-7 बल्दा कॉलोनी निवासी सूर्यकांत (40) के रूप में हुई है। वहीं युवती अर्जुनगंज के शाह खेड़ा गांव की रहने वाली दीपाली (25) बताई जा रही है।



### ट्रेन के आगे लेट गए युवक-युवती

प्रत्यक्षदर्शी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि युवक और युवती पारा क्रॉसिंग के पास करीब ढाई घंटे से टहल रहे थे। दोपहर करीब 1 बजकर 45 मिनट पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन उस ट्रैक से गुजरने वाली थी। इसी दौरान अचानक दोनों ट्रैक पर जाकर सामने से आ रही ट्रेन के आगे लेट गए।

### युवती की गुमशुदगी पहले से थी दर्ज

एडीसीपी धनंजय कुशवाहा ने बताया कि मृतक युवती दीपाली की गुमशुदगी की रिपोर्ट तीन दिन पहले उसके परिजनों द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को इस घटना के बाद युवती की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई।



### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है और लोग इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन दोनों ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी स्पष्ट वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मोबाइल फोन की कॉल डिटेल व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## लखनऊ में बहन के साथ कमरे में सो रही थी, माता-पिता गए थे सब्जी लेने

# घर के अंदर 4 साल की बच्ची की जलकर मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में घर के अंदर जलकर 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह अपनी 6 साल की बहन के साथ कमरे में सो रही थी। कमरे में ही छोटा मंदिर है। उसमें रखे दीपक से आग पर्दे पर लगी फिर कमरे में भी फैल गई। बड़ी बहन उठकर भाग गई लेकिन 4 साल की बच्ची आग में ही झुलस गई। दुर्घटना इंदिरानगर थाना क्षेत्र के सुगामऊ हनुमंतपुरम की डूडा कॉलोनी में हुई। यहां सुमित कुमार रहते हैं। वह पत्नी के साथ सब्जी लेने गए तभी उनके घर में हादसा हो गया। सुमित ड्राइवरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका



रो-रोकर बुरा हाल है। वह कुछ बोलने से पहले ही फफक पड़ते हैं। सुमित ने खुद को संभालते हुए बताया- शुक्रवार रात करीब 9 बजे कमरे में आग लग गई। कमरे में दोनों बेटी पंखुड़ी और अविका सो रही थी। आग की लपटें देख पंखुड़ी बाहर भाग गई जबकि छोटी बेटी आग की चपेट में आ गई। पंखुड़ी बाहर निकलकर चिल्लाई। आसपास के लोगों ने इकट्ठा होकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल रूप ले चुकी थी।

धुआं भर जाने के कारण अविका किसी को दिखाई नहीं दी। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में में निजी अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टर ने लोहिया हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।


घर के अंदर का सारा सामान जल गया।

### सब्जी खरीद रहे थे तभी सूचना मिली

पिता सुमित ने बताया- वह काम से आने के बाद घर से कुछ दूरी पर पत्नी शिल्पी के साथ सब्जी लेने गए थे। तभी उन्हें घर में आग लगने की सूचना मिली। वहां से वह वापस पहुंचे तो बच्ची को गंभीर हालत में पाया। सी साल बच्ची का सीआईएस स्कूल में प्री नर्सरी में एडमिशन कराया था। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# केजीएमयू में तोड़फोड़ : योगी से मिलीं अपर्णा यादव

## चीफ प्रॉक्टर बोले- अपर्णा के आते ही उग्र समर्थकों ने हमला किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में लव जिहाद मामले को लेकर अपर्णा समर्थकों के हंगामे का मामला सीएम योगी के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तक पहुंच गया है। शुक्रवार देर रात अपर्णा यादव ने CM से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय तलब किया गया था। सीएम ने KGMU में हंगामे को लेकर चर्चा की। इधर, KGMU प्रशासन ने शुक्रवार देर शाम चौक कोतवाली में मामले को लेकर तहरीर दी है। इसमें कहा गया है कि शुक्रवार को अपर्णा यादव के KGMU पहुंचते ही भीड़ उग्र हो गई और जबरन कुलपति के



कार्यालय में घुस गई। तोड़-फोड़ के साथ नारेबाजी शुरू कर दी। डॉक्टर जान बचाकर इधर-उधर भागे। कुलपति की तरफ से कुलाधिपति यानी गवर्नर कार्यालय से भेंट के लिए समय मांगा गया है। आज यह मुलाकात हो सकती है। KGMU में शुक्रवार को दिनभर चले हंगामे के बाद लखनऊ पुलिस ने शाम को लव जिहाद के आरोपी डॉक्टर रमीजुद्दीन को गिरफ्तार भी कर लिया। फिलहाल, हंगामे के बाद से KGMU के डॉक्टर नाराज हैं। आज (शनिवार) फिर से दोनों पक्षों की तरफ से जोर-आजमाइश देखी जा सकती है। KGMU प्रशासन की तरफ से चीफ प्रॉक्टर ने कोतवाली चौक में तहरीर दी है। उन्होंने अपर्णा और उनके समर्थकों का जिक्र किया है। इसमें कहा गया कि आरोपी सीनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन नायक (उर्फ रमीज मलिक) के मामले में गंभीरता से विशाखा कमेटी को जांच सौंपी गई। 15 दिन में रिपोर्ट भी आई, जिस पर कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने आरोपी का दाखिला रद्द करने का फैसला लिया। इसके बाद कुलपति के चैंबर के बाहर अचानक भीड़ जमा होने लगी। अपर्णा यादव बिना किसी पूर्व सूचना के अपने समर्थकों के साथ परिसर में दाखिल हो गईं।

# भाजपा पार्षद के घर के बाहर गोवंश का सिर मिला

## लखनऊ मेयर के साथ गुजरात गए हुए हैं पार्षद, फोन पर बोले- कुत्ता लाया होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में भाजपा पार्षद के घर के बाहर गोवंश का सिर मिला है। सिर के साथ बॉडी के अन्य हिस्सों का अवशेष भी लगा हुआ था। पार्षद अनूप कमल सक्सेना मेयर और नगर निगम प्रतिनिधिमंडल के साथ गुजरात गए हुए हैं। उन्होंने घटना की जानकारी होने पर कहा कि कोई कुत्ता इसे घसीटकर लाया होगा। घटना शनिवार सुबह की राजाजीपुरम सी-ब्लॉक के शीतला देवी वार्ड की है। पार्षद अनूप कमल की पत्नी सुबह घर के बाहर निकलीं तो उन्हें मृत गोवंश का सिर और अवशेष दिखा। वह डर गईं। उन्होंने तुरंत लौटकर घरवालों को इसकी जानकारी दी और पति को फोन कर बताया।



सूचना पर नगर निगम के कर्मी और पुलिस की टीम पहुंची। पार्षद की पत्नी तुरंत परिवार और स्थानीय लोगों को बताया। कुछ ही देर में यह खबर पूरे इलाके में फैल गई और लोग मौके पर जमा होने लगे। काफी भीड़ लग गई थी। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे। किसी ने कहा कोई पार्षद को फंसाने के लिए यह किया होगा तो किसी ने कहा कि कुत्ते इस अवशेष को कहीं से घसीट लाए होंगे। मामले में सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम और नगर निगम कर्मियों ने मौके से अवशेषों को हटवाया। पुलिस ने आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह किसने और कब किया। पार्षद ने कहा है कि पुलिस को लिखित शिकायत भी दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पार्षद अनूप कमल ने फोन पर कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है। कोई कुत्ता घसीटकर लाया होगा। ऐसा कुत्ते ही कर सकते हैं। सवेरे पुलिस आई थी। मामले की तहकीकात की गई। मुझे लगता है कि कोई कुत्ता मृत गोवंश का अवशेष लाया होगा। बता दें कि पार्षद ने सुबह अवशेष दिखने पर कहा था कि यह सोची-समझी साजिश है।

## कर्रवाई : मदरसा बोर्ड से मान्यता सस्पेंड, विदेश में रहकर वेतन ले रहे थे शिक्षक

# लखनऊ समेत यूपी के 3 मदरसों पर गिरी गाज

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में मड़ियांव स्थित मदरसा हनफिया जियाउल कुरान समेत यूपी के 3 मदरसों पर बड़ी कर्रवाई हुई है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने प्रदेश के तीन बड़े मदरसों की मान्यता निलंबित कर दी है। जिन मदरसों पर कार्रवाई हुई उनमें मुबारकपुर आजमगढ़ का मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उलूम खलीलाबाद और संतकबीरनगर का कुल्लियातुल बनातिर रजविया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही ने बताया कि तीनों मदरसों की जांच हुई । जांच में पाया गया कि मदरसे कि नियमावली को ताख पर रखकर संचालन किया जा रहा था । इसके




अलावा विदेश में रहकर शिक्षक यहां के मदरसों से वेतन उठा रहे थे । मदरसा बोर्ड को गुमराह करने समेत अन्य गंभीर मामले पाए गए जिसके बाद कार्रवाई हुई। निरीक्षण के दौरान मानचित्र, कक्षाओं की व्यवस्था, कमरे का आकार, वेंटिलेशन और सुरक्षा मानकों में गंभीर कमी पाई गई। इसके साथ हि मदरसा ओनरशिप से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका और न ही यह सिद्ध कर सका कि वह परिषद के मानकों के अनुरूप संचालित हो रहा है। इसके बावजूद मदरसे से वेतन और सेवानिवृत्ति लाभ ले रहे हैं। जांच में शमसुल हुदा कि 5 साल 7 माह 3 दिन की अनियमित अनुपस्थिति पाई गई।

### स्वीकृत स्थान पर नहीं मिला मदरसा

लखनऊ के मड़ियांव स्थित मदरसा हनफिया जियाउल कुरान की मान्यता निलंबित कर दी गई है। बोर्ड की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही द्वारा बताया गया है कि मदरसा परिषद द्वारा स्वीकृत स्थान पर संचालित नहीं पाया गया। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि जिस भवन में मदरसे के संचालन का दावा किया गया, वह बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त प्राथमिक/जूनियर हाईस्कूल का परिसर है। इसके अलावा संबंधित भूमि और भवन को लेकर न्यायालय में वाद भी विचाराधीन है।

### संतकबीरनगर के मदरसे पर कार्रवाई

संतकबीरनगर के मदरसे पर भी गाज गिरी है । उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की जांच में नियमावली को ताक पर रखकर मदरसे का संचालन पाया गया। इससे पहले भी संतकबीरनगर के खलीलाबाद स्थित कुल्लियातुल बनातिर रजविया मदरसे की मान्यता परिषद द्वारा निलंबित की जा चुकी है।


लखनऊ में मड़ियांव स्थित मदरसा हनफिया जियाउल कुरान।

### ब्रिटेन निवासी ने लिया लाभ

आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर स्थित 78 वर्ष पुराने मदरसा अशरफिया मिस्बाहुल उलूम की मान्यता निलंबित कर दी गई है। मदरसा बोर्ड के अनुसार, यहां सहायक शिक्षक शमसुल हुदा खान पर गंभीर आरोप लगे थे।

### 10 जनवरी से चरणबद्ध कार्यक्रम, बजट कटौती और बदलावों के विरोध में जनआंदोलन

# मनरेगा बचाओ संग्रामः कांग्रेस का 45 दिवसीय आंदोलन शुरू

**घोषणा**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिले में व्यापक जनआंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत 45 दिवसीय चरणबद्ध कार्यक्रम तय किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ सतीश चंद्र प्रजापति ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में मनरेगा लागू की गई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली।



### कटौती और बदलावों पर जताई आपत्ति

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, सुखीलाल वर्मा और कोषाध्यक्ष रेहान जैदी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे योजना प्रभावित हो रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अकबरपुर मो जियाउद्दीन अंसारी, हाजी सलीम, इलियास इदरीसी और रीतेश तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी से जुड़ी इस योजना के नाम और स्वरूप में किए गए बदलाव इसे कमजोर करने का प्रयास हैं।

### 45 दिनों का चरणबद्ध आंदोलन तय

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 45 दिवसीय आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत 10 जनवरी को घोषणा और शुभारंभ के साथ होगी। 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध किया जाएगा। 12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलेगा। 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर धरना आयोजित होगा। इसके बाद 31 जनवरी से 6 फरवरी, 7 फरवरी से 15 फरवरी और 16 फरवरी से 25 फरवरी तक विभिन्न चरणों में क्षेत्रीय और एआईसीसी स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### रणनीति पर हुआ मंथन

बैठक में आंदोलन को संगठित और प्रभावी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने जनसंपर्क अभियान को तेज करने और मजदूरों तक सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा की रक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

**"इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े और करोड़ों लोगों को आजीविका का साधन मिला। ब्लॉक अध्यक्ष अकबरपुर मो जियाउद्दीन अंसारी, उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गांवों में पलायन रोकने में अहम भूमिका निभाई।इससे ग्रामीण भारत के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर धरना आयोजित होगा।**

## कड़कड़ाती ठंड में आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट की पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर (अम्बेडकर नगर)। कड़ाके की ठंड के बीच आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों के लिए राहत सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला अस्पताल परिसर में हुए इस आयोजन में मरीजों और उनके परिजनों को कंबल और खजूर के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और समाजसेवियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाल संतोष कुमार सिंह रहे। उनके साथ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामा वर्मा और दरोगा ममता यादव मौजूद रहीं। अतिथियों ने अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों और बाहर उपचार के लिए आए जरूरतमंदों को कंबल सौंपे। ठंड के मौसम को देखते हुए वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से पूरा किया गया। इस अवसर पर व्यापारी कृष्ण कुमार गुप्ता 'रिंनु' ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना हर सक्षम व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने




कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूर-तमंदों को राहत पहुंचाने का उद्देश्य ही इस कार्यक्रम का मूल है। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान स्मिता सिंह, कुलदीप अग्रहरि, आलोक बाजोरिया, अमित टंडन, रोहित जायसवाल, संदीप गुप्ता, अरुण यादव, रामदौर मिश्र, बालमुकुंद गुप्ता और विकास निषाद उपस्थित रहे। सभी ने वितरण कार्य में सहयोग किया और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा। महिला अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के चलते कुछ समय के लिए अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी।

### अंडर-16 चैलेंजेस ट्रॉफीः विशाल क्रिकेट एकेडमी अकबरपुर फाइनल में

अम्बेडकरनगर। क्रिकेट एसोसिएशन अम्बेडकरनगर के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया अंबेडकर नगर अंडर-16 चैलेंजेस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में विशाल क्रिकेट एकेडमी अकबरपुर ने सशक्त प्रदर्शन करते हुए गाजीपुर को 38 रन से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबला निर्धारित 25 ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विशाल क्रिकेट एकेडमी अकबरपुर की टीम ने 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। टीम की ओर से कप्तान विभव सिंह ने सबसे अधिक 69 रन की जिम्मेदार पारी खेली। उन्होंने शुरुआत से ही पारी को संभाले रखा और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

**फास्ट न्यूज**

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन

अंबेडकरनगर। कस्बा शहजादपुर के निकट संजय टॉकीज परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण की सप्ताहव्यापी कथा का सातवां और अंतिम दिन शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सातवें दिन की कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्ति मार्ग और जीवन दर्शन से जुड़े प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### सिटी क्रिकेट अकादमी ने अमेठी को हराया

जलालपुर, अंबेडकरनगर। एएसपी विद्यापीठ फखरपुर के मैदान पर सिटी क्रिकेट अकादमी और अमेठी के बीच हुए 30 ओवर के क्रिकेट मुकाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टॉस जीतकर अमेठी ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। सिटी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 140 रन बनाये और सभी विकेट खो दिए। अकादमी की टीम ने संतुलित बल्लेबाजी दिखाई, लेकिन अमेठी के गेंदबाजों ने समय-समय पर दबाव बनाए रखा। टीम ने किसी भी समय हार मानने का नाम नहीं लिया और विपक्षी गेंदबाजों के सामने मजबूती से रन जुटाए।

### पुलिस अधीक्षक ने महिला थाना और क्राइम ब्रांच का निरीक्षण किया

अम्बेडकरनगर । पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने शनिवार को महिला थाना और क्राइम ब्रांच के विवेचकों का ऑन-रोल (O.R.) निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विवेचना निस्तारण और केस फॉलोअप से संबंधित दिशा-निर्देश दिए।क्राइम ब्रांच के विवेचकों के साथ बैठक में लंबित मामलों और अपराधों की जांच की प्रगति पर चर्चा की गई।

## थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**बसखारी थाने पहुंचे एसपी, त्वरित व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने थाना बसखारी पहुंचकर आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणव-त्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, रास्ता अवरोध, उत्पीड़न और पुलिस से जुड़ी अन्य शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों से संबंधित मामलों की स्थिति की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों का निस्तारण मौके पर संभव है, उन्हें तत्काल निपटाया जाए। शेष मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समयसीमा के भीतर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि और रास्ते से जुड़े विवादों में निष्पक्ष जांच कर दोनों पक्षों को सुनते हुए समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में विवाद दोबारा न खड़ा हो।

## विकास भवन का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों और पटलों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिक योजनाओं से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लेखाधिकारी कार्यालय, जिला विकास अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, डीसी एनआ-



रएलएम कार्यालय, कौशल विकास मिशन कार्यालय, डीआरडीए कार्यालय, मनरेगा कक्ष, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय, आईजीआर-एस पटल, योजना सहायक पटल सहित अन्य अनुभागों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के विरुद्ध लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों की जांच शीघ्र पूर्ण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। आईजीआरएस पटल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की समय-सीमा और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का उत्तर समय से और तथ्यात्मक होना चाहिए। किसी भी शिकायत को बिना संतोषजनक समाधान के बंद न किया जाए।

## टांडा में आतंक का पर्याय बने बंदरों पर कार्रवाई

**80 को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया**

तमसा संकेत, संवाददाता

टांडा (अम्बेडकरनगर)। नगर क्षेत्र में लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बने बंदरों से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद टांडा ने अभियान चलाया। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष शबाना नाज और उपजिलाधिकारी (न्यायिक) एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी नीरज गौतम के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत हयातगंज हनुमानगढ़ी और नगर पालिका परिसर के आसपास से लगभग 80 बंदरों को पकड़ा गया। नगर पालिका परिषद टांडा के कर अधीक्षक एवं नोडल सफाई व्यवस्था के नेतृत्व में अभियान का संचालन किया गया। पकड़े गए बंदरों को वन विभाग की निगरानी में सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा गया। इस कार्रवाई से नगरवासियों ने राहत की सांस ली है।



अभियान में अवर अभियंता जलकल आशीष कुमार चौहान के साथ मोहम्मद अहमद, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद इदरीस, मोहम्मद रब्बानी, मंशाराम, मोहम्मद सुहेल, महेंद्र कुमार, परवेज अहमद, शकील अहमद सहित सफाई नायक और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका की टीम ने निर्धारित स्थानों पर घेराबंदी कर बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई की। नगर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बंदरों के झुंडों द्वारा राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को परेशान किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष स्वच्छता अभियान सम्पन्न

**नगर पालिकाओं और पंचायतों में मलिन बस्तियों, बाजार और सार्वजनिक स्थानों की सघन सफाई**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर जनपद की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान निर्धारित समयावधि में संचालित किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्रों की मलिन बस्तियों सहित चिन्हित वार्डों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य जनपद को स्वच्छ, स्वस्थ और व्यवस्थित बनाए रखना रहा। अभियान के तहत नगर पालिका परिषद अकबरपुर, नगर पालिका परिषद टांडा, नगर पालिका परिषद जलालपुर के साथ नगर पंचायत इल्तिफातगंज, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, नगर पंचायत जहांगीरगंज और नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में विशेष



सफाई अभियान चलाया गया। सभी नगर निकायों में अधिकारियों और सफाई कर्मियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मलिन बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय इलाकों में साफ-सफाई कराई गई। नालियों और नालों की सिल्ट हटाकर जल निकासी को दुरुस्त किया गया। सड़क किनारे जमा कचरे का उठान कर उसका निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिससे आवागमन में बाधा न रहे। धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, पार्क, सामुदायिक स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी विशेष सफाई कराई गई। अभियान के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए कचरे को अलग-अलग एकत्र कर निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई गई। अभियान में संबंधित नगर निकायों के अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और सफाई कर्मियों ने समन्वय के साथ कार्य किया। प्रत्येक क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था बनाई गई, ताकि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सफाई कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा भी की गई। नगर निकायों ने यह सुनिश्चित किया कि सफाई कार्य केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दिखाई दें।

## अयोध्या ने नेपाल को 3 विकेट से हराया

**विकास और शिवम के शानदार प्रदर्शन से अयोध्या ने जीत दर्ज की**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में अयोध्या ने नेपाल को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला जिला क्रिकेट एसोसि-एशन के तत्वाधान में अकबरपुर मैदान पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन विजय तिवारी ने मैच से पहले सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अयोध्या के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का विकल्प चुना। नेपाल की टीम बल्लेबाजी करने आई और निर्धारित 19.3 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 123 रन बना सकी। नेपाल की ओर से बल्लेबाज प्रिंस ने 35 रन, सिराज ने 19 और अनूप ने 12 रन बनाए। अयोध्या की ओर से शिवम ने 3 विकेट और आँसू ने 2 विकेट लेकर



गेंदबाजी की प्रभावी भूमिका निभाई। कमेंटेटर अजय श्रीवास्तव, डॉ. सैयद मोहम्मद बाकिर और विक्रम सिंह ने अपने विश्लेषण और मैच विवरण के साथ दर्शकों को हर पल की जानकारी दी। स्कोरर की जिम्मेदारी सत्यम यादव, सुधीर चतुर्वेदी और हिमांशु सिंह ने संभाली। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अकबरपुर आनंद वर्मा, एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन श्रीवास्तव, सचिव राकेश सोनकर, आचार्य शिवप्रसाद मिश्र, पी.एन. तिवारी, राजन शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, मोहम्मद हसन, संदीप जॉन और संजय वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अयोध्या की टीम ने गेंद और बल्ले दोनों में संतुलित प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। विशेष रूप से ओपनर विकास का अर्धशतक और गेंदबाज शिवम का 3 विकेट का योगदान निर्णायक रहा।

### अयोध्या की बल्लेबाजी और लक्ष्य प्राप्ति

अयोध्या की टीम ने निर्धारित 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.2 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की। टीम के ओपनर विकास ने शानदार अर्धशतक जमाते हुए नाबाद 74 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 7 छक्के और 5 चौके जड़े। उनके अलावा शिवेन्द्र ने 15 रन जोड़कर टीम की जीत में योगदान दिया। नेपाल की ओर से सिराज और दिलराज ने 2-2 विकेट लिए। विकास की आक्रामक बल्लेबाजी ने अयोध्या को कम ओवर में लक्ष्य प्राप्त करने में मदद की और टीम ने सहज जीत दर्ज की।

**धरना-प्रदर्शन : कर्मचारियों ने बकाया वेतन और कटौती आदेश को लेकर विरोध किया**

# जलालपुर सीएचसी में वेतन विवादः धरना समाप्त, बकाया दो सप्ताह में मिलेगा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर के जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नगपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनए-चएम) और सीएचसी के संविदा कर्मचारियों ने महीनों से बकाया वेतन न मिलने के विरोध में शुक्रवार से धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने धरना शुरू करने से पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) संजय कुमार शैवाल को लिखित सूचना दे दी थी। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में हो रही देरी के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए काम बंद कर धरना स्थल पर



प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य अधीक्षक जयप्रकाश ने कर्मचारियों के साथ हुई बातचीत के बाद कहा कि संगठन और प्रशासन मिलकर समस्या का स्थायी समाधान करेंगे। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कार्यों को नियमित रूप से जारी रखें।

**"मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों की नाराजगी गंभीर है, लेकिन आदेश के माध्यम से वेतन कटौती करना आवश्यक प्रशासनिक कदम था। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में वेतन भुगतान को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा।**

### संगठन और अधिकारियों की मध्यस्थता

धरने की गंभीरता को देखते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष और जलालपुर सीएचसी के स्वास्थ्य अधीक्षक जयप्रकाश धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से सकारात्मक बातचीत की और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य अधीक्षक ने कर्मचारियों को बताया कि दो सप्ताह के भीतर बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा और भविष्य में किसी भी प्रकार की वेतन कटौती नहीं की जाएगी। कर्मचारियों ने इस आश्वासन को स्वीकार करते हुए धरना समाप्त किया और अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटकर सामान्य कार्य शुरू कर दिया।

### वेतन कटौती के आदेश से बढ़ा तनाव

धरना-प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही सीएमओ ने कर्मचारियों के एक दिन के वेतन की कटौती करने का निर्देश जारी किया। इस आदेश से कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने शनिवार को भी धरना जारी रखा। कर्मचारियों का कहना था कि वेतन कटौती का आदेश समस्या को और बढ़ा देगा और इससे उनका मनोबल भी प्रभावित होगा। कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक खर्च प्रभावित हो रहे थे।

# एसआईआर अभियानः एईआरओ का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई और मतदाता सूची की शुद्धता पर जोर**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई को लेकर नामित 146 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्सना बंधु की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों पर समयबद्ध, पारदर्शी और



विधिसम्मत सुनवाई सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में स्पष्ट किया गया कि नामित एईआरओ अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जारी नोटिसों पर निर्धारित तिथियों में सुनवाई करेंगे। सुनवाई के उपरांत साक्ष्यों के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इससे मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जा सकेगी।

### सुनवाई प्रक्रिया पर दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

प्रशिक्षण सत्र में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीक-रण अधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टांडा शशिशेखर ने एईआरओ को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। इसमें बिना मैपिंग वाले मतदाताओं की पहचान, संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, साक्ष्य प्राप्त करने के मानक, सुनवाई की कार्यवाही, पोर्टल पर प्रविष्टि तथा नियमानुसार निस्तारण की पूरी प्रक्रिया शामिल रही। अधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक प्रकरण में दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लिया जाना अनिवार्य है।

# सम्पादकीय

## अनंत संभावनाओं को समेटे है हिंदी




विश्व हिंदी दिवस हिंदी के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विचार का अवसर है। इस वर्ष प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार की नींव रखी। भारत की आर्थिक प्रगति, भूमंडलीकरण और मनोरंजन उद्योग ने हिंदी को विश्वभाषा बनने की ओर अग्रसर किया है। तकनीक के साथ मिलकर हिंदी अपनी अंतरराष्ट्रीय क्षमता बढ़ा रही है। कुमुद शर्मा। दस जनवरी का दिन 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में हिंदी प्रेमियों को उत्साह से भर देता है। यह दिन हमें हिंदी भाषा के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, उसकी वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-मंथन का अवसर भी प्रदान करता है। इस वर्ष 'विश्व हिंदी दिवस' हमारे लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन को पचास वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 1975 में नागपुर में 10 जनवरी को आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण प्रयास था, जिसका उद्घोष था-'वसुधैव कुटुंबकम्'। 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने उसमें सहभागिता की थी। उस सम्मेलन ने भारत और भारत के बाहर बसे भारतीयों में अपनी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की उत्कंठा जगा दी। उनमें केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी हिंदी के प्रचार-प्रसार से जुड़ने का संकल्प जागृत हुआ। राष्ट्रीय और सांस्कृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैश्विक आवश्यकता की दृष्टि से भी हिंदी का महत्व रहा है। अनेक विदेशी विद्वानों ने भी हिंदी की सेवा की है। इस दृष्टि से बेल्जियम के फादर कामिल बुल्के, मारीशस के अभिमन्यु अनंत, जापान के प्रो. क्यूया दोई, जर्मनी के लोथार लुत्से, मास्को के येवगेनी पेत्रोविच चेलिशेव, श्रीलंका की इंद्रा दसनायक, न्यूजीलैंड के रोनाल्ड स्टुअर्ट मैकग्रेगर तथा हंगरी के इमरै बंधा आदि के नाम गिनाए जा सकते हैं। भाषा किसी भी देश की संस्कृति की मूल्यवान उपलब्धि होती है। वह हमारे भावबोध और आत्मबोध का ऐसा हिस्सा होती है, जिसे यदि हमसे काटकर अलग कर दिया जाए तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। हर भाषा उसे बोलने वालों के इर्द-गिर्द एक जादुई घेरा खींच देती है। यह जादुई घेरा वस्तुतः भाषा की परिधि ही है, जिसके भीतर हमारी पहचान सुरक्षित रहती है, क्योंकि भाषा किसी समूह के सांस्कृतिक प्रतीक-रूपों में जीवित रहती है। आज हिंदी की वैश्विक उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया है कि शब्द-सृष्टि का व्यापार अनंत संभावनाओं से परिपूर्ण है। विश्व स्तर पर हिंदी की मांग के नए व्यावसायिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ उभर रहे हैं। विश्वभर में बसे भारतीय हिंदी के स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वे यह भली-भांति जानते हैं कि हर भाषा की संरचना के सामाजिक-सांस्कृतिक स्रोत होते हैं। इसीलिए भाषा हमें अपने इतिहास, मिथक और परंपरा से जोड़ती है। यह जुड़ाव ही सामूहिक अस्मिता बनकर अत्यंत मूल्यवान हो जाता है। इस प्रकार हिंदी का विश्वबोध निर्मित हो रहा है। भारत की तेज आर्थिक प्रगति को देखकर भाषाशास्त्रियों का अनुमान है कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क की जो दस भाषाएं होंगी, उनमें हिंदी भी शामिल रहेगी। वह ज्ञान-विज्ञान, उच्च प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के वैश्विक परिदृश्य में अपने सामर्थ्य को सिद्ध करेगी। भूमंडलीकरण से जन्मी परिस्थितियों ने भी विश्व भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति को सुदृढ़ किया है। उपभोक्तावादी संस्कृति में भाषा की शक्ति और सामर्थ्य का मानक बाजार बन गया है। आज भाषा समृद्धि के मानदंडों से नियंत्रण और निर्धारण के खेल को स्वीकार या अस्वीकार करती है। भारत के बदलते सांस्कृतिक और आर्थिक माहौल ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भारतीयता को अपनी मार्केटिंग का प्रभावी हथियार बनाकर अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने भारतीय आस्थाओं, परंपराओं और छवियों को विज्ञापनों में जागृत करना शुरू कर दिया है। इन दिनों विज्ञापनों में भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों का व्यापक उपयोग हो रहा है। विज्ञापन निर्माता हिंदी तथा भारतीय भाषाओं का प्रयोग कर भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान को जागृत कर रहे हैं। मनोरंजन उद्योग ने भी हिंदी के वैश्विक क्षितिज को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से हिंदी दुनिया भर के देशों में फैल रही है। हर भाषा अपने युग की परिस्थितियों और प्रेरणाओं के अनुसार बदलती है। आज 'तकनीकी वर्चस्व' के युग में तकनीक हिंदी को नयापन दे रही है।

# लोकतंत्र के लिए चेतावनी है पश्चिम बंगाल की घटना



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

> "संस्थाओं की विश्वसनीयता घटेगी और लोकतंत्र कमजोर होगा। वैसे संविधान जांच से नहीं रोकता लेकिन जांच के समय पर सवाल उठाने का अधिकार नागरिकों को देता है।

चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माने जाते हैं लेकिन भारत में चुनाव आते ही अगर किसी संस्था की सबसे ज्यादा चर्चा होती है तो वह है परिवर्तन निदेशालय यानी ईडी। इस समय पश्चिम बंगाल इसका ताजा उदाहरण बन चुका है। इससे पहले बिहार चुनाव के समय, झारखंड चुनाव के समय, दिल्ली के समय तथा महाराष्ट्र चुनाव के समय ईडी अपनी सक्रियता दिखा चुकी है। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल तक जा चुके हैं। धन्य है झारखंड के मतदाता जिन्होंने जेल जाने के बावजूद हेमंत सोरेन को पूनः मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी और ईडी को डायरेक्शन देने वाली भारत सरकार हाथ मलते रह गई। पश्चिम बंगाल में भी पिछले दिनों ईडी ने यही खेल खेला लेकिन वहां फर्क यह रहा कि ईडी ने सीधे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को टारगेट करने के बजाय पार्टी टीएमसी के आईटी सेल प्रमुख प्रतीक जैन तथा आई पैक यानी चुनावी रणनीति को अंजाम देने वाली कंपनी पर छापा मारा। नतीजतन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने पूरे लाव- लश्कर के साथ वहां आनन-फानन में पहुंची और वह फाइल तथा हार्ड डिस्क अपने कब्जे में ले ली जो उनकी पार्टी की रणनीति तथा उम्मीदवारों के नाम को लेकर आई पैक ने तैयार किया था। ममता बनर्जी ने न केवल ईडी पर बल्कि गृहमंत्री अमित शाह के ऊपर सीधे-सीधे



आरोप लगाया और प्रधानमंत्री मोदी को कह दिया कि अपने गृहमंत्री को समझाइए वरना अगर हमारी पुलिस ने यहां भाजपा के दफ्तरों पर छापा मारना शुरू कर दिया तो सारा खेल चौपट हो जाएगा। इसके विपरीत ईडी ने आरोप लगाया कि छापे के दौरान ममता बनर्जी तथा स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई पर कब्जा कर लिया और जरूरी दस्तावेज जबरन ले गए जो भ्रष्टाचार से संबंधित थे। इतना ही नहीं ईडी के खिलाफ ममता बनर्जी ने दो पुलिस थानों में अज्ञात ईडी अधिकारियों और सीआरपीएफ जवानों पर एफआईआर दर्ज कराई। इसके विपरीत ईडी हाई कोर्ट पहुंची जहां 14 जनवरी को सुनवाई होगी। इस बीच छापे म के विरोध में टीएमसी ने बंगाल से दिल्ली तक मोर्चा खोल दिया । मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में नेताओं के साथ 10 किलोमीटर लंबा मार्च निकाला, तो दूसरी ओर नई दिल्ली में टीएमसी सांसदों ने गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। अब यहां यह सवाल उठता है की जांच का समय दिशा और लक्ष्य बार-बार एक ही क्यों दिखाई देते हैं।

# पर्यावरण के क्षेत्र में जीआईएस और रिमोट सेंसिंग से बढ़ रहे रोजगार के अवसर

आज के समय में हम जितनी तेजी से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, उतनी ही तेजी से पर्यावरण से जुड़ी समस्याएँ भी सामने आ रही हैं। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जल संकट, प्रदूषण और अनियंत्रित शहरीकरण जैसी चुनौतियाँ दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए अब केवल पारंपरिक तरीकों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। ऐसे में भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) और रिमोट सेंसिंग जैसी आधुनिक तकनीकें पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। GIS एक ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से पृथ्वी की सतह से संबंधित विभिन्न प्रकार के आंकड़ों को एकत्रित, विश्लेषित और प्रदर्शित किया जाता है। वहीं रिमोट सेंसिंग तकनीक उपग्रहों और ड्रोन की सहायता से बिना सीधे संपर्क के पृथ्वी की सतह की निगरानी करती है। इन दोनों तकनीकों के माध्यम से वनों की कटाई की स्थिति, जल संसाधनों की उपलब्धता, प्रदूषण का स्तर, भूमि उपयोग में हो रहे परिवर्तन तथा प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी आसानी से की जा सकती है। यदि पर्यावरण क्षेत्र में GIS और रिमोट सेंसिंग के उपयोग की बात करें, तो वन एवं वन्यजीव संरक्षण में इनके माध्यम से वनों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाती है, अवैध कटाई का पता लगाया जाता है तथा वन्यजीव आवासों का अध्ययन किया जाता है। जल संसाधन प्रबंधन के अंतर्गत नदी बेसिनों का विश्लेषण, भूजल संभाव्यता क्षेत्रों की पहचान तथा जल गुणवत्ता का आकलन GIS के माध्यम से किया जाता है। इसके अतिरिक्त वायु और जल प्रदूषण की निगरानी में भी यह तकनीक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जलवायु परिवर्तन अध्ययन में GIS और रिमोट सेंसिंग का विशेष महत्व है। इनके माध्यम से तापमान में हो रहे बदलाव, वर्षा के पैटर्न और समुद्र स्तर में वृद्धि का दीर्घकालिक विश्लेषण संभव हो पाता है। इन तकनीकों के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ रोजगार के अनेक नए अवसर भी सामने आ रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान, कृषि, शहरी नियोजन और आपदा प्रबंधन से जुड़े छात्रों के लिए GIS और रिमोट सेंसिंग एक सशक्त करियर विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। आज सरकारी विभागों, निजी कंपनियों और स्टार्ट-अप्स में GIS पेशेवरों की मांग



लगातार बढ़ रही है। इस क्षेत्र में एनवायरमेंटल GIS स्पेशलिस्ट, डेटा एनालिस्ट, अर्बन प्लानर, डिजास्टर मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, क्लाइमेट रिसर्च एसोसिएट और GIS एनालिस्ट जैसे प्रमुख जॉब रोल उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, जल संसाधन प्रबंधन, वन एवं वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) में भी इन विशेषज्ञों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। आज के युवाओं के लिए यह समय बेहद अनुकूल है कि वे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ तकनीकी कौशल भी विकसित करें। GIS और रिमोट सेंसिंग में प्रशिक्षण प्राप्त कर वे न केवल अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं, बल्कि पृथ्वी और पर्यावरण की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अतः कहा जा सकता है कि GIS और रिमोट सेंसिंग आज पर्यावरण विज्ञान के अनिवार्य उपकरण बन चुके हैं। ये तकनीकें न केवल वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में सहायक हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए सतत विकास और सुरक्षित पर्यावरण का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में GIS और रिमोट सेंसिंग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है।

● श्रुति सक्सेना
(जीआईएस विशेषज्ञ)

## सच्चाई तो यह ...

घनश्याम बादल

# प्रधानमंत्री की चुप्पी: विवशता, दबाव, डर, राजनीति या रणनीति ?

हवा में इन दिनों एक सवाल सबसे ज़्यादा उद्वेलन पैदा कर रहा है कि बहुत बोलने वाले भारत के प्रधानमंत्री इन दिनों इतने चुप क्यों हैं? क्यों इतने सारे घटनाक्रमों एवं विवादों पर उन्होंने एक लंबी चुप्पी खींच रखी है?

सवाल सीधा भोला-सा नहीं, तीखा है और शायद इसी वज़ह से चुभने वाला भी है। अंतर-राष्ट्रीय मंचों पर एक के बाद एक बड़े घटनाक्रम जैसे वेनेजुएला में अमेरिकी दख़ल, वहां के राष्ट्रपति का जबरदस्ती अपहरण, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और उनकी हत्या, बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान पर आईपीएल खेलने पर बैन, डोनाल्ड ट्रंप की 500% तक टैरिफ की धमकी और रूस से तेल खरीद को लेकर भारत-अमेरिका का टकराव और बांग्लादेश का लगातार भारत को आंखें दिखाना जैसे घटनाक्रम घटित हो रहे हैं मगर इन सबके बीच भारत सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक चुप्पी एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। यह चुप्पी विपक्ष को बोलने का मौका दे रही है और विरोधियों को बल. नरेंद्र मोदी को जानने वाले यह अच्छी तरह समझते हैं कि यह चुप्पी बेपरवाही, डर, या विवशता नहीं बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक-रणनीतिक मुद्रा है। इसके पीछे के कारण और संभावित असर दोनों को ठंडे दिमाग से समझना ज़रूरी है। वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप, बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हत्याएँ, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 500 प्रतिशत तक टैरिफ की धमकी और रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर बढ़ता अमेरिकी दबाव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक चुप्पी किसी खास रणनीति का हिस्सा है। भले ही गैर जानकार या विरोधियों को लगे कि मोदी मौन है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिकार खूब समझ रहे हैं यह है 'नमो का



मौन' नहीं अपितु उनकी चुप्पी का कहीं अधिक मुखर होकर बोलना है। भारत की विदेश नीति लंबे समय से "रणनीतिक स्वायत्तता" के सिद्धांत पर टिकी रही है। लेकिन हालिया घटनाक्रम बताते हैं कि यह स्वायत्तता अब संकोच में बदलती दिख रही है। अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून को दरकिनार कर वेनेजुएला में कार्रवाई करता है -भारत मौन। पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या होती है-भारत औपचारिक चिंता तक सीमित। भारत के खिलाफ अभूतपूर्व टैरिफ धमकियाँ दी जाती हैं-कोई सार्वजनिक प्रतिवाद नहीं। तो क्या यह चुप्पी किसी डर या दबाव की परिणीति है? तो इसका उत्तर है 'नहीं', यह डर या मज़बूरी नहीं बल्कि टकराव से बचने की नीति का संकेत है। बेशक, अमेरिकी दबाव ऐसी वास्तविकता है जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता और यह भी स्वीकार करना होगा कि भारत आज भी वैश्विक आर्थिक ढांचे में पूरी तरह स्वतंत्र नहीं है। विदेशी पूंजी, डॉलर आधारित वित्तीय प्रणाली, उन्नत तकनीक और रक्षा सहयोग, ऐसे में भारत के लिए खुला विरोध महँगा पड़ सकता है लेकिन यहीं से एक असहज सच्चाई सामने आती है। क्या भारत की विदेश नीति अब दबाव-प्रबंधन तक सिमट कर रह गई है अगर एक उभरती महाशक्ति खुले दबाव में भी अपनी असहमति दर्ज नहीं करा सकती तो उसकी शक्ति केवल आंकड़ों तक सीमित रह जाती है रूस से तेल खरीद भारत की मजबूरी है, इसमें कोई संदेह नहीं लेकिन अमेरिका द्वारा इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना यह दिखाता है कि भारत की आर्थिक आवश्यकताओं को भी अब भू-राजनीतिक अनुशासन में बांधने की कोशिश हो रही है और भारत चुप इसलिए है क्योंकि उसे ऊर्जा चाहिए. उसे महंगाई काबू में रखनी है और यदि इन कारणों से प्रधानमंत्री या सरकार चुप हैं तो इस चुप्पी का स्वागत होना चाहिए। अब बात करते हैं बांग्लादेश में हिंदू विरोध और उनकी हत्याओं पर । सबसे गंभीर प्रश्न यहीं खड़ा होता है। भारत वह देश है जो वैश्विक मंचों पर लोकतंत्र और मानवाधिकार की बात करता है लेकिन जब उसके ठीक पड़ोस में धार्मिक आधार पर हत्याएँ होती हैं, तब भारत की प्रतिक्रिया अत्यंत सीमित रह जाती है। सरकार का तर्क है कि खुला बयान हालात बिगाड़ सकता है। यह तर्क व्यावहारिक हो सकता है, लेकिन यह यह भी दर्शाता है कि भारत अब नैतिक मुद्दों पर भी जोखिम लेने को तैयार नहीं है और पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में नीचे खिसक चुकी है । सच्चाई तो यह है कि यह केवल बांग्लादेश का मामला नहीं, भारत की क्षेत्रीय भूमिका का सवाल भी है।

भारत लंबे समय से संप्रभुता और हस्तक्षेप-विरोध का समर्थक रहा है लेकिन वेनेजुएला मामले में चुप्पी यह दर्शाती है कि ये सिद्धांत अब भू-राजनीतिक सुविधा के अनुसार लागू होते हैं। यह स्थिति भारत को उस नैतिक ऊँचाई से नीचे लाती है।

## जनवरी में लेट ...

डा. विनोद बब्बर

# सबको रस देगा 2026 राशिफल

नया साल क्या होता है, क्यों होता है, इस झमेले में पड़े बिना हम सभी कोई न कोई ऐसा काम करना चाहते हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रचार मिले। और हाँ, हम भारतीयों के दो गुण अन्यत्र दुर्लभ हैं। पहला- हर सुबह अखबार हाथ आते ही सबसे अपना राशिफल देखना और दूसरा- नकल करना। परम्पराऐं टूटने के दौर में हमारी सलाह है कि इन दोनो गुणों की रक्षा के लिए कमर कसे रखनी चाहिए। सबसे पहले प्रस्तुत है नये साल का राशिफल। पर ध्यान रहे, इसे पढ़ने से पहले यह जान लें कि जिसकी जेब में राशि होती है उसे फल आसानी से मिल जाता है। (बशर्ते फल की इच्छा रखें) प्रथम जनवरी भारत में आम दिनों की तरह बीतेगी लेकिन इण्डिया के सभी जन, वरी को भूल मस्ती के मुड में दिखाई देंगे। शराब संग कबाब की बिक्री बढ़ेगी लेकिन मुंगफली रेवड़ी की मांग में कमी आ सकती है। जनवरी में लेट चलने वाली गाड़ियां इंतजार- ए-यार का मजा प्रदान करती रहेंगी। कोहरा दुर्घटनाओं में सहायक बना रहेगा। लोहड़ी और मकर संक्रांति से ज्यादा धूम उन महोत्सवों की होगी जो पंचसितारा होटलों और फार्म हाऊसों में आयोजित किये जाएगे। मेले में जिस 'पिछड़े हुए' को जाना होगा जायेगा, 'उन्नत किस्म के प्राणी' तो यहीं मदिरा मिलन करेंगे। इस बार भी इन विशिष्ट (?) आयोजनों में आम का प्रवेश निषेध बना रहेगा। खास की विशेष प्रतीक्षा जारी रहेगी। की गणतंत्र दिवस से निकटता काभरपूर लाभ लेते हुए देश के लिए अपने प्राण




न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करने की बजाय इकट्ठी चार दिन की छुट्टी अपनी खास अंदाज में मनाएंगे। फरवरी में 'वरी' फिर से फर-फराने लगेगी। क्योंकि हमेशा फरवरी में मनाये जाने वाले बसंत को उससे छीनकर जनवरी में पहुंचा दिया गया है । वैसे भी सरस्वती पूजा और वीर हकीकतराय का बलिदान दिवस याद ही कितने लोगों को रहता है । पर सात फेरो के फेर में पड़ने जोड़े इस दिन को शायद ही कभी भुला सकेंगे। पर हां, फरवरी की पहचान बन चुके 14 का स्मरण बार-बार कराया जायेगा। प्रेम 'व्यापारी' चिंता करेंगे कि थोक में अच्छे फूल कहां से सस्ते ले? किस- मिस को भेंट करें और किस मिस को मिस करें। फरवरी है तो बजट पूर्व खरीददारी के विज्ञापन खूब ललचायेंगे। पर बंदा 'रोज' नहीं रोज की जरूरतों की बंदगी करेगा। वेलेन्टाइन डे के मर्यादा रहित स्वच्छंद नशे की ओर लपकने वालों का विरोध पिछड़ापन, रुढ़िवाद, कट्टरता घोषित होगा। संसद से सड़क तक प्यार करने वालों से की गई ज्यादतियों के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराया जायेगा।

## जरा हटके

## यही वजह है ...

कमलेश पांडेय

# क्या टीएमसी-ईडी विवाद का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव पर प्रभाव पड़ेगा?

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दृष्टिगत राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और प्रमुख विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जो केंद्र में सत्तारूढ़ है, के बीच जिस तरह की सियासी जंग छिड़ी हुई है; केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरियों के दुरूपयोग की बातें सुनी जा रही हैं, उससे साफ है कि दिल्ली की तत्कालीन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल की ही तरह पश्चिम बंगाल की मौजूदा मुखिया ममता बनर्जी को उनके पद से हटाकर ही भाजपा रहेगी। यही वजह है कि भाजपा ने मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को शह प्रदान करने वाली कंपनी आई-पैक की नकेल कसने का निश्चय किया है और अपनी प्रशासनिक प्रभाव वाली मिशनरी ईडी को उसके पीछे लगा दिया है, जैसा कि आरोपी लगते आये हैं। तभी तो टीएमसी और ईडी के बीच कोयला तस्करी से जुड़े आई-पैक छापों पर विवाद तेज हो गया है. जहां ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसी पर चुनावी डेटा चोरी का आरोप लगाया है वहीं, ईडी का दावा है कि ममता ने जांच में बाधा डाली और महत्वपूर्ण दस्तावेज ले लिए। देखा जाए तो यह विवाद 2026 बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र-राज्य टकराव को उभार रहा है। बताते चलें कि ईडी ने 7-8 जनवरी 2026 को कोलकाता और दिल्ली में आई-पैक (टीएमसी की चुनावी सलाहकार फर्म) के 10 ठिकानों पर छापे मारे, जो कोयला घोटाले से जुड़े हैं। इससे विचलित हुईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद ही छापे स्थल पहुंचीं और अपनी पार्टी की जरूरत वाली दस्तावेज बचाकर ले गईं, जिसे ईडी ने



बाधा बताते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। वहीं, टीएमसी ने भी कोर्ट में ईडी पर राजनीतिक डेटा चुराने का केस ठोका, जबकि कोलकाता पुलिस ने ईडी के खिलाफ दो मामले दर्ज किए। इस प्रकार उक्त विवाद का राजनीतिक प्रभाव स्पष्ट है। कुल मिलाकर यह विवाद टीएमसी को 'केंद्र की साजिश' का शिकार दिखाने में मदद कर रहा है, जो उसके वोट बैंक को एकजुट कर सकता है जबकि भाजपा इसे भ्रष्टाचार उजागर करने का मौका मान रही है, खासकर पुराने घोटालों (स्कूल जॉब्स, पीडीएस) के बाद। वहीं अन्य विपक्षी दल जैसे कांग्रेस और आप टीएमसी का समर्थन कर रहे हैं।

# विश्व हिन्दी दिवस

हिंदी हमारी प्यारी सरल, सहज, सुबोध भाषा हैं । मीठी बोली, प्यारी बोली मन प्रसन्न हो जाये । मुझे मेरी कलम अपने कर्तव्य का पाठ सदैव पढ़ने लिखने में हिन्दी से ही भाव को व्यक्त करना बताती हैं । मेरा पढ़ना, लिखना आदि सदैव हिन्दी से ही होता हैं । वह भारत में और विश्व के कई देशों में मैं मेरी प्रतिदिन की रचना आदि सोशल मीडिया आदि माध्यम से हिन्दी में ही भेजता हूँ । वह विश्व की कई पत्र- पत्रिकाओं में हिन्दी में रचनायें प्रकाशित की जाती हैं । विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका मनाने का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। हिंदी दिवस साल में दो बार राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर को और विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है । राष्ट्रीय हिंदी दिवस भारत की राजभाषा के रूप में हिंदी की मान्यता का उत्सव है, जो 1949 में संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा घोषित करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है । वहीं विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी का अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार करना है । यह दिवस विश्वभर में हिंदी की पहचान को मजबूत करने और इसके प्रचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है । हिंदी हमारी एक राजभाषा है और उत्तर भारत के कई राज्यों में प्रमुख रूप से बोली जाती है । हिंदी भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका आदि में भी बोली जाती है । इसके अलावा दुनिया के कई देशों में यह भाषा लोकप्रिय है और मॉरीशस जैसे देशों में भी बोली जाती है । हिंदी को जन-जन की भाषा के रूप में भी जाना जाता है और इस भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं । वह हर साल दो बार हिंदी दिवस मनाया जाता है । हमारे जीवन में हिन्दी इतनी उपयोगी है इसका भान हमको हमारे जीवन की पुस्तक को महसूस कर लिखने की शक्ति देता हैं । हमारे जीवन में जन्म और मृत्यु तो नदी के दो किनारे है । वह जो आपस में कभी नहीं मिलते हैं । हमारी जिंदगी इन दोनों के बीच में बहता हुआ पानी है ।पानी स्वच्छ हो तो उसमें से सब साफ दर्पण की तरह झलकता है । हमारे गुण भी हमारे व्यवहार में ऐसे ही झलकने चाहिए।वह जब किताब के पन्ने को पलटा जाए तो वो सदैव सदाचार से भरपूर हो ,जो हर पाठक के मन को सम्मोहित कर लें । हमारे जीवन की नोटबुक तब सार्थक है । वह सकारात्मक सोच से भरपूर ,सहज ,सरल कथनी करनी की समानता व संतोष,परोपकार आदि विवेक की छलनी से छनी हुई हमारी जीवन की किताब हो । हिन्दी गद्य पद्य आदि की वह विधा है जिसमे भावों व बात को रखा जा सकता हैं । हिन्दी भावनात्मक और कलात्मक वर्णन करती है। हिन्दी गद्य , पद्य आदि की वह विधा है जिसमें लेखक किसी घटना, पात्र अथवा समस्या आदि का क्रमबद्ध ब्यौरा देता है, जिसे पढ़कर एक समन्वित प्रभाव उत्पन्न होता है । हमारे दैनिक व्यवहार आदि को अभिव्यक्त करने का माध्यम हिन्दी हैं।

› प्रदीप छाजेड़

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद तीन दिन बाद धान खरीद शुरू, किसानों ने जताई उम्मीद

# बरैय्या धान क्रय केंद्र पर किसानों का धरना-प्रदर्शन





"किसानों के कड़े रुख को देखते हुए शुक्रवार देर रात डिप्टी आरएमओ राजीव कुलश्रेष्ठ भी क्रय केंद्र पहुंचे। उनके साथ नायब तहसीलदार अभिनव सिंह और किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच लंबी वार्ता हुई। डिप्टी आरएमओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि क्रय केंद्र पर नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से धान की तौल और खरीद कराई जाएगी तथा किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।"

**आक्रोश**

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज बाराबंकी। बरैय्या गांव स्थित धान क्रय केंद्र पर धान खरीद में अनियमितताओं और ठेकेदारों की मनमानी को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट से जुड़े किसानों ने क्रय केंद्र प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों का धान समय से तौला नहीं जा रहा था और जानबूझकर धान को खराब बताकर खरीद प्रक्रिया को टाला जा रहा था। किसानों का आरोप है कि कई दिनों तक क्रय केंद्र पर धान लेकर खड़े रहने के बावजूद तौल नहीं की जा रही थी, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इसी को लेकर किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने क्रय केंद्र पर विशाल धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस प्रकरण में एसएमआई की ओर से कोतवाली मोहम्मदपुर खाला में अभद्रता और हाथापाई का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई। वहीं, किसान यूनियन की ओर से भी पुलिस को अपनी तहरीर सौंपकर अधिकारियों पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया। सूचना मिलने पर रामनगर के नायब तहसीलदार अभिनव सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। हालांकि किसान इस बात पर अड़े रहे कि जब तक कोई उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करता, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा।

### धान तौल से इनकार पर हुआ विवाद, पुलिस को बुलाना पड़ा

बीते बृहस्पतिवार को टिकैत गुट से जुड़े किसान लवकुश जब अपना धान लेकर क्रय केंद्र पहुंचे तो एसएमआई प्रतीक प्रताप सिंह और अनिल यादव ने धान खराब होने का हवाला देकर तौल करने से मना कर दिया। इस बात को लेकर किसान और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा, जिसने किसी तरह स्थिति को शांत कराया।

### आश्वासन के बावजूद नहीं थमा किसानों का गुस्सा

मामले के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर किसानों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन इससे किसानों का आक्रोश शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर पुनः धान क्रय केंद्र पर धरने पर बैठ गए। किसानों के धरने के चलते धान तौल और खरीद का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया।

# प्रार्थना पत्र पर एसपी ने लिया त्वरित संज्ञान

## जनशिकायत पर तत्काल जांच के आदेश

तमसा संकेत, संवाददाता



बिजनौर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बिजनौर में प्राप्त एक प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रार्थना पत्र मिलते ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए, जिससे फरियादी को राहत मिली।सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों पर किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस अधीक्षक की इस त्वरित पहल से आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सक्रियता कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

**फास्ट न्यूज**

### ज्वैलरी-शॉप से 3 करोड़ का सोना चुराने में 5 गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के चौक थाना क्षेत्र के कर्ण-घंटा इलाके में बंद दुकान से करोड़ों रुपए का सोना चोरी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। चोरी की वारदात फिल्मी स्टाइल में अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। जिसमें मुख्य सरगना आभूषण कारोबारी के मकान का केयर टेकर निकला।

### कांग्रेस ने मनरेगा कमजोर करने का भाजपा पर लगाया आरोप

गाजीपुर। गाजीपुर में कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गाजीपुर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस ने दावा किया कि सरकार मनरेगा को सुनियोजित तरीके से कमजोर कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मनरेगा कोऑर्डिनेटर आनंद राय ने कहा कि बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और काम के दिनों में कमी कर ग्रामीण मजदूरों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

### आग तापते समय झुलसा युवक

मुरादाबाद। मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित करूला इलाके में एक सनसनीखेज हादसा सामने आया, जहां ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे एक युवक के साथ बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करूला निवासी फुरकान अपने कुछ दोस्तों के साथ अमन शादी मंडप के पास ठंड से राहत पाने के लिए आग जला रहा था।

## कई नामज, पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया मुकदमा

# सार्वजनिक रास्ते को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

तमसा संकेत संवाददाता

अंबेडकर नगर। महरुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गुपुर ग्राम पंचायत के मजरा जमालपुर में गुरुवार सुबह सार्वजनिक रास्ते के विवाद ने उग्र रूप ले लिया। सुबह करीब 8:30 बजे रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुराने विवाद और रंजिश को लेकर विपक्षी जगत नारायण, रामदौड़, भागीरथी (पुत्रगण रामनिहोर), प्रदीप, मनोज, संगीता सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और मारपीट होती रही। स्थिति बिगड़ती देख गांव में हड़कंप मच गया। मारपीट की आवाज और शोरगुल सुनकर मौके पर ग्रामीण और परिजन पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से बड़ी घटना टल गई, हालांकि दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी रही।

### पुरानी रंजिश और रास्ते के विवाद में भिड़े दोनों पक्ष

पीड़ित पक्ष के जितेंद्र कुमार पुत्र राजबली ने बताया कि गांव में पुराने सार्वजनिक रास्ते को लेकर पहले से ही विवाद चला आ रहा है। गुरुवार को इसी विषय को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जितेंद्र कुमार का आरोप है कि करीब 9:00 बजे विपक्षी पक्ष के लोग एकजुट होकर उनके ऊपर टूट पड़े।

### सूचना पर पहुंची पुलिस, दोनों पक्ष थाने लाए गए

घटना की जानकारी मिलते ही महरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया। थानाध्यक्ष द्वारा दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने और विवाद शांत कराने का प्रयास किया गया, लेकिन समझौता नहीं हो सका।



"पुलिस ने विवाद की गंभीरता को देखते हुए पुराने सार्वजनिक रास्ते के मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।"

# निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत बिलों और आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने ओटीएस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने और लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा कराने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया। विद्युत चोरी पर सख्ती दिखाते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस, मजिस्ट्रेट और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम बनाकर आकस्मिक जांच कराने के निर्देश दिए।

# अज्ञात कारणों से लकड़ी की गुमटी में लगी आग

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज बाराबंकी। कोतवाली मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अब्दुल्लापुर के पास बीती रात मौसंडी गांव निवासी मंसाराम पुत्र दुलारे की लकड़ी की गुमटी में अचानक आग लग गई, जिससे गुमटी पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस घटना में गुमटी के अंदर रखा साइकिल व मोटरसाइकिल मरम्मत एवं बिक्री से संबंधित कीमती सामान भी जलकर नष्ट हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंसाराम उक्त स्थान पर साइकिल, मोटरसाइकिल के नए टायर, ट्यूब तथा साइकिल मरम्मत से संबंधित नया सामान रखकर अपनी आजीविका चलाते थे। बीती रात किसी अज्ञात कारणवश लकड़ी की गुमटी में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक पूरी गुमटी जलकर खाक हो चुकी थी। इस घटना में गुमटी के अंदर रखा साइकिल व मोटरसाइकिल का सारा नया सामान जल गया, जिससे पीड़ित को लगभग 25 हजार रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था। पीड़ित मंसाराम ने इस संबंध में कोतवाली मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी निरीक्षक को लिखित प्रार्थना-पत्र देकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि यही गुमटी उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन थी।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान

## अवैध हूटर, प्रेशर हॉर्न और काली फिल्म वाले वाहनों पर कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता



बिजनौर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बिजनौर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर और पीटीओ मुन्ना लाल ने शहर के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की सघन जांच की।अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहनों में लगे अवैध हूटर, प्रेशर हॉर्न और शीशों पर लगी काली फिल्म की जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को नियमों की जानकारी दी गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।चेकिंग के साथ-साथ अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। चालकों से सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने की अपील की गई।एआरटीओ प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर ने बताया कि तेज रफ्तार, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना और सुरक्षा नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर ही सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

**कार्यवाई : साथ चलने से मना किया तो दिल्ली से उठाया, कानपुर में ट्रेन घेरकर आरपीएफ ने पकड़ा**

# प्रेमिका का बच्चा किडनैप कर भागा प्रेमी

- आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल ने बच्चे को पुचकारा, उसे चुप कराया।
- आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल ने बच्चे की देख-रेख की। उसे ऑफिस में ही सुलाया।

तमसा संकेत, एजेंसी




कानपुर। यूपी के कानपुर में प्रेमिका के बच्चे को लेकर भाग रहा प्रेमी पकड़ा गया है। वह शादीशुदा प्रेमिका से मिलने बिहार से दिल्ली पहुंचा। प्रेमिका से साथ चलने को कहा तो उसने मना कर दिया। इससे हेमंत कुमार नाराज हो गया। उसने महिला के एक साल के बेटे को खिलौना दिलाने के बहाने किडनैप कर लिया। उसे अगवा कर विक्रमशिला एक्सप्रेस से भाग निकला। इधर, महिला को काफी देर तक बेटा नहीं मिला तो उसने दिल्ली के कपसेरा वेस्ट थाने में हेमंत के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। जांच में सामने आया कि आरोपी बच्चे के साथ विक्रमशिला एक्सप्रेस पर चढ़ा है। इसके बाद पुलिस ने कानपुर रेलवे स्टेशन पर पुलिस को अलर्ट भेजा। जैसे ही ट्रेन शुक्रवार रात स्टेशन पर पहुंची, आरपीएफ और जीआरपी जवानों ने ट्रेन को घेर लिया। फिर तलाश के दौरान बच्चे को बरामद किया। RPF की महिला कॉन्स्टेबल ने रो रहे बच्चे को सीने से लगाकर पुचकारा, उसे चुप कराया। फिर बच्चा सो गया। शनिवार सुबह बच्चे की मां और परिजन कानपुर पहुंचे, जहां आरपीएफ ने बच्चे को मां को सौंप दिया।

### कॉन्स्टेबल ने बच्चे को दूध पिलाया और सीने से लगाकर सुलाया

बच्चा भीड़भाड़ और पूछताछ के दौरान अचानक रोने लगा। इस दौरान आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल ने उसे सीने से लगाकर घंटों बहलाया और उसके लिए दूध की बोतल मंगाकर दूध पिलाया। उसका डाइपर तक चेंज किया। इसके बाद बच्चा शांत हुआ और उसके बाद हीटर की गर्मी मिलने के बाद महिला कॉन्स्टेबल की गोद में सो गया, तब जाकर आरपीएफ ने राहत की सांस ली।



# प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता




सीतापुर। राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, विकास एवं निर्माण कार्यों की लक्ष्य के सापेक्ष विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, भरण-पोषण सहित सरकार की सभी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी उन्होंने जोर दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और खराब ट्रांसफार्मरों की समयबद्ध मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकास खंडों में रोजगार मेले आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्रों को आवास आवंटन और निर्माण कार्य समय पर पूरा कराने पर जोर दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को द्वितीय व तृतीय किश्त का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-616-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-606-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-MLJ-OH-609-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OH-614-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-537-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-MobStore-120-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.01.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-617-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-BBK-OH-587-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-ML-OH-591-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OH-615-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-THDPK-92-24-3 (Misc-Static-Servives-Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | MSS-LKO-AY-MobStore-132-25-1 (Misc-Static-Services-Mobiles and accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.12.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

111/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महिला सरगना के घर बक्से में भरे मिले 33 हजार के 10 सिक्के, गिनने में 6 घंटे लगे

# 2.50 करोड़ के गांजा के साथ 5 तस्कर अरेस्ट

**कार्यवाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



कानपुर। कानपुर में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कमिश्नरेट पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। सजेती और किदवई नगर पुलिस ने शहर में मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाली महिला समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.50 करोड़ से अधिक लागत का गांजा बरामद किया गया। इतना ही नहीं पुलिस ने जब गांजा तस्करों के घरों में छापेमारी की, तो बक्सों में हजारों सिक्के और नोटों की गड्डियां जमा मिली। जिनको गिनने में पुलिस को 6 घंटे का समय लगा। बड़े पैमाने पर हुई बरामदगी की जानकारी पर नारकोटिक्स की टीम ने आरोपियों की पूछताछ की। तस्करों ने बताया कि वह उड़ीसा, नेपाल से बसों और ट्रकों से गांजा लेकर आते थे और मध्य प्रदेश, यूपी समेत तमाम राज्यों में तस्करी करते थे, तस्करों के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का भी पूछताछ में खुलासा हुआ है । पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कंजड़नपुरवा निवासी दीपा और दीपू के यहां से गांजा की बड़ी खेप तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि तस्कर नेपाल और उड़ीसा से गांजा लाते थे, जो ट्रक और बसों के जरिए उड़ीसा से मध्य प्रदेश, प्रयागराज और बांदा से होकर कानपुर आता था। इसके बाद बिधनू और किदवई नगर कंजड़न पुरवा में गांजा की खेप आती थी। जहां से छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर शहर में गांजा सप्लाई किया जाता है।

### नेपाल, उड़ीसा से लाते थे गांजा

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नेपाल और उड़ीसा से सस्ते दामों में गांजा लेकर आते थे और कानपुर, बांदा, हमीरपुर में गांजा सप्लाई करते थे। आरोपियों के पास से 2 कुंटल 12 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ कीमत है। आरोपियों के पास से सफेद रंग की टाटा कर्व कार, बुलेरो और 5 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इसके साथ ही शहर में कंजड़नपुरवा मादक पदार्थ का बड़ा गढ़ बताया जाता है। जिसके तहत किदवई नगर पुलिस ने गांजा तस्करी में महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### 4800 के मिले 20 के सिक्के

इस पर पुलिस ने छापेमारी की तो मौके से दीपा के पास से 12 किलो 300 ग्राम गांजा और दीपू के पास से 9 किलो गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा दोनों के पास 5 लाख 43 हजार 700 रुपये नकद बरामद हुए। इस पर दोनों को गिरफ्तार गांजा और नकदी को जब्त कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपी दीपा के घर में तलाशी के दौरान पूरा बक्सा नोटों से भरा हुआ था। 1 लाख 29 हजार 200 रुपए के 100 के नोट, 4800 रुपए के 20 के सिक्के व 33 हजार रुपए के 10 के सिक्के बरामद हुए है।






पकड़े गए तस्करों के पास से बरामद गांजा

*पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा, आंध्र प्रदेश और यूपी के कई जिलों में गांजा तस्करी करते हैं। उन्होंने बताया कि गैंग का मुख्य सरगना शिवम है, जो हर महीने दो खेप उड़ीसा से लेकर आता था, जिसके एवज में उसे 75–75 हजार रुपए मिलते थे।*

### सजेती में पकड़े गए 3 गांजा तस्कर

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया है शहर में लंबे समय से मादक पदार्थों के तस्करी की जानकारी मिल रही थी, जिसके लिए क्राइम ब्रांच टीम को लगाया गया था। 10 दिसंबर की देर रात सजेती थानाक्षेत्र के बांध मोड़ के पास संदिग्धों के मौजूद होने की जानकारी मिली। जिस पर क्राइम ब्रांच और सजेती पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मूलरूप से बांदा, चिल्ला के गांव पपरैंदा व हाल निवासी चकेरी निवासी शिवम, बिधनू, राजापुरवा निवासी पुष्पेंद्र सिंह, चकेरी रेलवे स्टेशन रोहित सविता को गिरफ्तार किया।

**फास्ट न्यूज**

### पैसों के लिए हुआ रेलवे टेक्नीशियन का मर्डर

अंबाला। हरियाणा में अंबाला के दलीपगढ़ निवासी दीपक (40) की उत्तर प्रदेश के बागपत में लाश मिलने के मामले में ट्विस्ट आया है। परिवार ने बताया कि दीपक 7 जनवरी को पानीपत के समालखा में रवि को मिलने गया था। दीपक ने अपने छोटे भाई को रेलवे में नौकरी लगवाने के लिए रवि को 25 से 30 लाख दे रखे थे। रेलवे में सीनियर टेक्नीशियन दीपक यह कहकर घर से निकले थे कि रवि ने 5 लाख रुपए लौटाने के लिए समालखा में बुलाया है।

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने 500 गरीबों को कंबल वितरित किए

भदोही। जनपद के अभिया में शनिवार को सामाजिक सहयोग से 500 गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं वितरण समारोह में भाग लिया।जिलाधिकारी ने बताया कि यह बॉर्डर इलाका है और यहां जल्द ही अस्पताल और पुलिस चौकी के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी भदोही को इसके लिए आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल सराहनीय है।

### नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा वॉर्डन और स्वयंसेवकों के लिए आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय और महानिदेशालय नागरिक सुरक्षा के निर्देशों के तहत आपदा एवं आपात स्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को मजबूत करना है।

## परखम ग्राम पंचायत में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### किसानों को आधुनिक खेती से अवगत कराया गया

**तमसा संकेत,संवाददाता**




मथुरा। फरह की ग्राम पंचायत परखम में कृषि विकास प्रयोगशाला और चम्बल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा किसानों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जे. एम. सैनी (मैनेजर – रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने विशेष भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतेंद्र कुमार ने किया। डॉ. सतेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, अनुसंधान गतिविधियों और कृषि विकास प्रयोगशाला के माध्यम से किसानों के लिए विकसित की गई आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. जे. एम. सैनी ने वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए आलू और सरसों की फसलों में लगने वाली रोग-बीमारियों से बचाव के उपाय बताए और फसल पोषण के संतुलित प्रबंधन पर किसानों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में परखम चौकी इंचार्ज के.पी. सिंह ने भी भाग लिया। उन्होंने किसानों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और गांव में आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। ग्राम प्रधान ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं संतुलित कृषि पद्धतियाँ अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

### दरोगा 50 हजार घूस लेते अरेस्ट

महराजगंज। महाराजगंज में एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा। दरोगा ने दहेज उत्पीड़न की FIR में आरोपी पर धाराएं कम करने के लिए पैसे मांगे थे। आरोपी ने ये जानकारी गोरखपुर की एंटी करप्शन टीम को दे दी। शिकायत मिलने के बाद टीम ने दरोगा को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। दरोगा मिठाई की दुकान में आया। दरोगा ने जैसे ही रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद करके उसे हिरासत में लिया। कोतवाली महराजगंज में तैनात मो. अशरफ खान मूल रूप से गाजीपुर जिले का निवासी है। 2019 में पुलिस में भर्ती हुआ था। बाना कोतवाली क्षेत्र के गांव पकड़ी खुर्द के रहने वाले सइदुल्लाह के खिलाफ उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। इस मामले की जांच दरोगा मो. अशरफ खान कर रहे थे। आरोपियों ने केस को कमजोर करने के लिए धाराएं कम करने के लिए दरोगा मो. अशरफ खान से संपर्क किया।

## डीएम साहिबा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवा कर करा दो उद्धार

### झालू रेलवे फाटक से गोल बाग मार्ग तक खतरे के आसार

**जनप्रतिनिधियों से पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारु कराने की मांग।**

**तमसा संकेत,संवाददाता**



झालू। नगर के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल गोलबाग चौराहे से झालू रेलवे फाटक तक की सड़क इन दिनों अंधेरे के कारण लोगों के लिए परेशानी और भय का कारण बनी हुई है। पूरे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट न होने और गोलबाग चौराहे की मर्करी लाइट बंद पड़े रहने से रात होते ही यह इलाका असुरक्षित हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग बाजार, रिहायशी इलाकों और आवागमन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन रोशनी के अभाव में यहां रात के समय चलना जोखिम भरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालक, छात्र-छात्राएं और महिलाएं खास तौर पर खुद को असहज महसूस करते हैं। सर्दियों में कोहरे के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दृश्यता कम होने से तेज गति से गुजरने वाले वाहन अचानक सामने आ जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद अब तक प्रकाश व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। व्यापारियों का कहना है कि अंधेरे के कारण शाम के बाद ग्राहक इस मार्ग से आने से बचते हैं, जिससे दुकानों पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। छात्राओं और महिलाओं ने भी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पर्याप्त रोशनी न होने से असामाजिक तत्वों का डर बना रहता है और अकेले निकलना मुश्किल हो जाता है। नगरवासियों ने जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की है कि गोलबाग चौराहे पर तुरंत मर्करी लाइट लगाई जाए और पूरे मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## डीआईजी शैलेश पांडेय ने दाऊजी महाराज के दर्शन किए

**दाऊजी मंदिर में देहरी पूजन और प्रसाद अर्पित किया गया**




**तमसा संकेत,संवाददाता**

मथुरा। डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय ने मथुरा स्थित दाऊजी मंदिर में पहुंचकर ब्रज के राजा दाऊजी महाराज और माता रेवती जी के दर्शन किए। इस अवसर पर बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज ने डीआईजी शैलेश पांडेय का देहरी पूजन किया। आचार्य विष्णु महाराज ने डीआईजी शैलेश पांडेय को दाऊजी मंदिर के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। इस दौरान सेवायत राजाराम पांडेय गुरु जी, गौरी पांडेय, पवन पांडेय, जितेंद्र पांडेय और राम अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित लोगों ने डीआईजी शैलेश पांडेय को दाऊजी महाराज की प्रसादी फरिया और अन्य प्रसाद भेंट किए।यह अवसर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक महत्व का प्रतीक रहा।

### विमल 30 दिन में हाजिर हों, सर्वेश दुबे की जमानत याचिका खारिज

## अखिलेश दुबे के साथी अभिषेक के खिलाफ कुर्की का आदेश

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। भाजपा नेता रवि सतीजा पर रेप का फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर रंगदारी वसूलने के मामले में फरार चल रहे आरोपी अभिषेक बाजपेई के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के आदेश कोर्ट ने दिए हैं। इसके साथ ही दूसरे आरोपी विमल को 30 दिन में हाजिर होने के आदेश दिए गए हैं। तय समय में विमल सामने नहीं आया तो उसके खिलाफ भी कुर्की आदेश जारी किया जा सकता है। भाजपा नेता रवि सतीजा पर फर्जी रेप केस करा कर 50 लाख रंगदारी मांगने के मामले में नौबस्ता पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों अभिषेक बाजपेई और विमल यादव के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए अर्जी दी थी। नौबस्ता इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि रंगदारी वसूलने के इस मामले में अधिवक्ता अखिलेश दुबे, लवी मिश्रा, टोनू यादव समेत अन्य लोग जेल जा चुके हैं, जबकि आरोपी अभिषेक बाजपेई और विमल यादव फरार चल रहे है। आरोपियों के खिलाफ वर्तमान में गैर जमानती वारंट जारी किया जा चुका है। दबिश के बाद भी दोनों हाथ नहीं लगे हैं। वह अपनी संपत्ति भी खुर्द बुर्द करना चाहते हैं, ऐसे में आरोपियों के खिलाफ कुर्की कार्रवाई करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी गई थी। आरोप लगाया कि सिविल लाइंस स्थित वक्फ शेख फखरुद्दीन हैदर की संपत्ति पर अखिलेश व उसके साथियों ने धोखे से कब्जा कर लिया। जमीन 99 साल के पट्टे पर वर्ष 1911 में दी गई थी। संपत्ति वर्ष 2010 तक सिर्फ इस्तेमाल की जा सकती थी, उसे हस्तांतरित करने का अधिकार किसी को नहीं था। विजिलेंस की जांच के बाद वर्ष 2016 में एक रिपोर्ट दर्ज हुई थी, इसमें चार्जशीट भी लग चुकी है।



अखिलेश दुबे

### जल्द घोषित होगा 25-25 हजार का इनाम

इस पर सुनवाई करते हुए सीजेएम सूरज मिश्रा ने अभिषेक बाजपेई के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किए हैं, लिए 30 दिनों का समय दिया है।

### वक्फ संपत्ति कब्जाने में आरोपी है सर्वेश दुबे

वक्फ संपत्ति पर कब्जे के मामले में आरोपी सर्वेश दुबे का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज अनमोल पाल ने खारिज कर दिया है, यह उसका दूसरा प्रार्थना पत्र था। पहला प्रार्थना पत्र सर्वेश ने वापस लेते हुए नॉट प्रेस कर लिया था। मोईनुद्दीन आसिफ जाह शेख आसिफ जाह ने ग्वालटोली थाने में धोखाधड़ी, कूटरचना, धमकाने, रंगदारी वसूलने और हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### रविवार को विशेष मेगा कैम्प, मतदाता नामावली का प्रगाढ़ पुनरीक्षण

मथुरा । जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत रविवार को समस्त बीएलओ अपने बूथ पर उपस्थित होंगे और संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाएंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं इस दौरान बीएलओ मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे और अधिक से अधिक फार्म-6, 7 और 8 प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम में बीएलओ, सभी बीएलए (राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के मान्यता प्राप्त सदस्य), सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपाल, नगर निकाय और पंचायत के संबंधित लाइन मेन व मीटर रीडर, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, क्षेत्रीय विद्यालय के अध्यापक सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहेंगे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### अयोध्या के राम मंदिर ...

अभी तक किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि आरोपी कौन हैं और कहां के रहने वाले हैं? प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों संदिग्ध हरकतें कर रहे थे। तीनों से राम मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोल रूम में पूछताछ की जा रही है कि वो अयोध्या क्यों आए थे? दरअसल, राम मंदिर में एंट्री करने के दौरान सिर्फ चेकिंग होती है। आधार कार्ड या किसी अन्य परिचय पत्र को चेक नहीं किया जाता। इसी का फायदा उठाकर तीनों राम मंदिर परिसर में एंट्री कर गए। इसके बाद तीनों सीता रसोई तक जा पहुंचे, जो मुख्य मंदिर से सिर्फ 200 मीटर दूर है। यहां नमाज पढ़ने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने जब उन लोगों को रोका, तो उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही खुफिया एजेंसियां, स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। हालांकि, इस मामले पर जिला प्रशासन ने फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। राम मंदिर ट्रस्ट ने भी पूरे प्रकरण पर चुप्पी साध रखी है। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने NSG की यूनिट शुरू करने का फैसला लिया है। अभी श्रीराम जन्मभूमि परिसर और मंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी SSF के हाथों में है। मंदिर की सुरक्षा में 200 जवान तैनात हैं। UP सरकार ने हाल ही में PAC और पुलिस के जवानों को मिलाकर SSF गठन किया था।

### जैसे-जैसे हम एक होंगे...

शक्ति जागरण का काम हमें करना है, शक्ति ही शांति का आधार है। शक्ति जागरण उस भक्ति से ही होता है। भारत वर्ष में वह परंपरा आज भी चली आ रही है। आज भी भारत वर्ष में लोगों को जीने की सीख मिलती है। सब प्रकार की विपदाओं के बावजूद हमारा जीवन चल तो रहा ही है, आगे भी चलेगा। उसका कारण यह भक्ति है। भागवत ने कहा- 500 साल तक मुगलों ने राज किया, हमारा कुछ बुरा होना होता, उसी समय हो जाता। लेकिन उसमें से हम बाहर आए। फिर से हिंदुओं का देश आगे बढ़ रहा है। अत्याचारों में हमने अपने धर्म को बचा कर रखा। यह शक्ति कहां से आई, भक्ति से आई। भागवत ने कहा- हम सब समान कैसे रहें, समान दिखते तो हैं नहीं। ऊपर की बातें बदलती रहती है, हर जन्म में बदलती हैं। परिस्थिति समान नहीं रहती, लेकिन अंदर की एकता सदा एक रहती है। एकांत में आत्म साधना, स्वयं को पहचानना, स्वयं के अंदर जो चैतन्य है वह विश्व व्यापी है, सर्वत्र है। उसी को देखना, उसको सब में देखते हुए उनकी सेवा परोपकार में अपना जीवन लगाना। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। लेकिन जैसे हमें तैयार होना है, वैसे हम तैयार नहीं हुए हैं। इसलिए वह हमारे सामने नाच रहे हैं। अंदर से खोखले हो गए हैं, सारी दुनिया में हार रहे हैं। इनकी व्यवधा दुनिया के सामने आई है। ये सारी असुरी जो शक्तियां हैं, जैसे-जैसे धार्मिक हिंदू और सनातन समाज के सब लोग एक होते जाएंगे। वैसे-वैसे यह टूटते जाएंगे। आप देख लीजिए पिछले 50 सालों में जैसे-जैसे हिंदू एक होता गया। वैसे-वैसे इनके टुकड़े होते चले गए।

### कल्पवासियों की ...

विधायक बारा डॉ. वाचस्पति ने कहा कि पडुआ से कौशाम्बी को जोड़ने वाला पीपा पुल अभी चालू नहीं हो पाया है, जिसपर मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पुल के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य कराया जाए, उस क्षेत्र से के जनप्रतिनिधियों के नाम शिलापट्ट पर अवश्य रहे। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 नवंबर प्रयागराज आए थे। यहां उन्होंने माघ मेले की तैयारियां का जायजा लिया था। बोट से संगम नोज गए थे और वहां से फिर बड़े हनुमानजी का दर्शन करने पहुंचे थे। इसके बाद वह मेला प्राधिकरण सभागार में अफसरों के साथ माघ मेले की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली थी। इसके बाद मीडिया से भी मुखातिब हुए थे। जिसमें उन्होंने माघ मेले की पूरी तैयारियों के बारे में जानकारी भी दी थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस के बेटे के मांगलिक कार्यक्रम में कान्हा श्याम में भी गए थे। दरअसल, इस बार मौनी अमावस्या पर 3 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई गई है। यही कारण है कि इसके लिए तैयारियों में कोई भी चूक सरकार या प्रशासन नहीं होने देना चाहती है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी अफसरों के साथ बैठक कर पूरी रूपरेखा समझेंगे और दिशा निर्देश भी देंगे। बता दें कि 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा का पहला स्नान पर्व बीत चुका है। अब 15 जनवरी को मकर संक्रांति का दूसरा स्नान, 18 जनवरी को मौनी अमावास्या का तीसरा स्नान व 23 जनवरी को बसंत पंचमी का चौथा स्नान है। यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम पर पहुंचेंगे।

### ाीडीए वोट काटने की ...

और नगर निकायों में 3.4 करोड़ वोटर हैं। ग्रामीण और नगर निकाय के वोटर 17 करोड़ होते हैं। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि आयोग ने नो मैपिंग वाले करीब दो करोड़ मतदाताओं को एरर का हवाला देकर अलग कर दिया है, अब उनको नोटिस जाएंगे। सुनवाई के लिए भाजपा की विचारधारा वाले अधिकारियों को ही जिलों में भेजा जा रहा है। मांग उठाई कि सुनवाई बीएलए की मौजूदगी हो और निर्णय नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए। सपा प्रमुख ने वोटर लिस्ट को आधार से जोड़ने की मांग की। कहा कि आधार का मेटल कार्ड बने, जिससे कोई नकली न बना सके, क्योंकि भाजपा के पास नकली आधार बनाने की मशीनें हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि एसआइआर में कितने घुसपैठिए निकले। बंगाल में ईडी की कार्रवाई के प्रश्न पर कहा कि कोडीन भाइयों के खिलाफ ईडी क्यों नहीं जाती। भाजपा वोटों की डकैती के बाद अब डाटा की डकैती भी कर रही है। मेरठ की घटना पर कहा कि इसमें भाजपा के लोग शामिल है। पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन को वहां नहीं जाने दिया गया। इससे पहले सपा प्रमुख ने एसआइआर के दौरान जान गंवाने वाले मुरादाबाद के बीएलओ सर्वेश सिंह जाटव, देवरिया के लेखपाल आशीष कुमार व जगदंबा दुबे के स्वजन को दो-दो लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

### सांसद चंद्रशेखर को ...

इसमें दिख रहा है कि SP ट्रैफिक राघवेंद्र कुमार मिश्रा और परतापुर थाना प्रभारी अजय शुक्ला से अतुल प्रधान के बीच धक्का-मुक्की हो रही है। अतुल प्रधान अफसरों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। अफसर उन्हें रोकने में लगे हैं। काफी देर तक हंगामा चला। इसके बाद सपाइयों को लौटना पड़ा। पुलिस ने मेरठ की सभी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है। चेकिंग के बाद ही आगे जाने दे रही है। इसके चलते दौराला टोल प्लाजा पर 3 किमी लंबा जाम लग गया है। इधर, भाजपा नेता संगीत सोम और हरेंद्र मलिक ने कपसाड़ गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। फिलहाल, आरोपी और लड़की का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### बच्चे लेकर बुलडोजर...

एक महिला अर्चना ने कहा- इस कार्रवाई से कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आज की कार्रवाई से 20 परिवारों के चूल्हे नहीं जलेंगे। हम अपने अधिकारों के लिए चक्काजाम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस पैसा लेकर उनके साथ अराजकता कर रही है। नगर निगम की टीम ने यहां के सभी 20 मकानों को बुलडोजर से गिरा दिया है। मलबे को हटाकर जमीन पर टीनशेड की बाउंड्री बनाकर उसे लॉक कर दिया है। अपर नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त ने कहा- यह जमीन सरकारी है। इस पर अवैध निर्माण करके रह रहे थे। कार्रवाई के समय रोहनिया, अखरी चौकी, चितईपुर और लोहता थाने की फोर्स तैनात रही। अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। नगर निगम और पुलिस ने 3 घंटे की कार्रवाई में 4 बीघा जमीन मुक्त कराई है।

## जांघ की मांसपेशी में खिंचाव, आरसीबी ने नीलामी में 85 लाख रूपए में खरीदा था

# पूजा वस्त्राकर डब्ल्यूपीएल के शुरुआती 2 हफ्ते नहीं खेलेंगी

- पूजा कंधे की चोट से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रिकवर कर रही थीं।
- आरसीबी ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) को आखिरी ओवर में 3 विकेट से हराया।


पूजा आखिरी बार अक्टूबर 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप में खेली थीं।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) 2026 के शुरुआती दो हफ्तों के मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने नवंबर 2025 की नीलामी में 85 लाख रूपए में खरीदा था। RCB के हेड कोच मलोलन रंगराजन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिहा होने से दो दिन पहले पूजा को जांघ में खिंचाव महसूस हुआ। इससे पहले वह कंधे की चोट से उबर रही थीं। डॉक्टरों के अनुसार, पूजा को अभी कम से कम दो हफ्तों का और आराम करना होगा।

*पूजा की अनुपस्थिति में आरसीबी ने गेंदबाजी की शुरुआत इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ से कराई, जिन्होंने 2 ओवर में 23 रन दिए। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने डेब्यू मैच में 4 ओवर में 37 रन दिए। ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क मैच की हीरो रहीं। उन्होंने 4 विकेट लेने के साथ 44 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए। वह डब्ल्यूपीएल इतिहास में दूसरी खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने एक ही मैच में फिफ्टी और चार विकेट लिए। RCB एक समय 65/5 पर संघर्ष कर रही थी, लेकिन नादिन और अरुंधति के बीच 52 रन की साझेदारी ने टीम को संभाला। कोच ने कहा कि इस मैच में ऑलराउंडर्स की अहमियत साफ नजर आई।*



### पूजा 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से क्रिकेटर से दूर हैं

पूजा आखिरी बार अक्टूबर 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप में खेली थीं। WPL 2026 उनके लिए वापसी का मौका था, लेकिन चोट के चलते उनका इंतजार बढ़ गया। कोच के मुताबिक, पूजा टीम की बैलेंस और कॉम्बिनेशन में अहम भूमिका निभाती हैं, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में टीम को अन्य ऑलराउंडर्स पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### आरसीबी ने जीत से किया डब्ल्यूपीएल 2026 का आगाज

शुक्रवार रात (9 जनवरी 2026) को RCB ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस (MI) को आखिरी ओवर में 3 विकेट से हराया। MI ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154/6 रन बनाए थे, जवाब में RCB ने 157/7 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

# मलेशिया ओपन में भारत का सफर खत्म

## सात्विक-चिराग भी क्वार्टरफाइनल में बाहर

**मुबंई, एजेंसी**



कुआलालंपुर में खेले जा रहे BWF सुपर 1000 मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती पूरी तरह समाप्त हो गई है। विमेंस सिंगल्स में दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जबकि मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टरफाइ-नल में बाहर हो गई। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान खत्म हो गया। विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पीवी सिंधु का सामना चीन की वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी वांग झी यी से हुआ। सिंधु को सीधे गेमों में 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के दोनों गेमों में सिंधु ने शुरुआती बढ़त जरूर बनाई, लेकिन निर्णायक पलों में वह इसे बरकरार नहीं रख सकीं। पहले गेम में 3-4 अंकों की बढ़त के बाद की गई गलतियों का फायदा वांग झी यी ने उठाया। दूसरे गेम में सिंधु ने बैकहैंड साइड पर ज्यादा लिफ्ट खेली, जिस पर वांग झी यी ने लगातार स्मैश लगाकर दबाव बनाया और मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में सिंधु का सामना जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची से हुआ था। सिंधु ने शानदार खेल दिखाते हुए महज 11 मिनट में पहला गेम 21-11 से जीत लिया।

# एसजी ने 3 बांग्लादेशी प्लेयर्स की स्पॉन्सरशिप होल्ड की

## कप्तान लिटन दास और मोमिनुल हक के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ICC से टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग पर आड़े बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की परेशानी बढ़ती जा रही है। BCCI से विवाद के बीच भारत की स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरर कंपनी सैंसपेरिल्स ग्रीनलैंड्स (SG) ने कप्तान लिटन दास और मोमिनुल हक जैसे कई प्लेयर्स की स्पॉन्सरशिप होल्ड कर दी है। कंपनी के एक अधिकारी ने दैनिक संवाददाता को बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमने कुछ स्पॉन्सरशिप होल्ड की है। भारतीय टीम बांग्लादेश से काफी समय से क्रिकेट नहीं खेल रही है। ऐसे में वहां के प्लेयर्स को स्पॉन्सर करने का कोई तुक नहीं बैठता है। इस बीच वहां के पूर्व कप्तान तमीम



इकबाल ने BCB से कहा- 'टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने पर फैसला इमोशंस से न लें। क्योंकि, ऐसे किसी भी फैसले का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है।' तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को IPL से हटाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के संबंध तनाव पूर्ण हैं। जवाब में बांग्लादेश की फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन नजमुल ने तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहा। BCB ने 5 दिन में दूसरी बार ICC से अपने मैचों के वेन्यू बदलने की मांग की है। उसने खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ चर्चा के बाद दूसरी बार लेटर लिखा। इसमें BCB ने ICC को सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का पूरा ब्योरा दिया है। बांग्लादेशी बोर्ड ने 4 जनवरी को पहला पत्र लिखा था। KKR से मुस्तफिजुर को रिलीज किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां की सरकार ने IPL के प्रसारण पर बैन लगा दिया था। साथ ही भारत में वर्ल्ड कप मैच खेलने से भी इनकार कर दिया था। 16 दिसंबर को IPL मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## जेपी डुमिनी ने एसए20 की तारीफ की

नई दिल्ली। SA20 लीग के चौथे सीजन में शुरुआती दो हफ्तों के भीतर ही जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी ने टूर्नामेंट में हो रही कड़ी टक्कर की जमकर तारीफ की है। साथ ही उन्होंने IPL और SA20 की तुलना पर कहा, फिलहाल IPL बेहतर है। डुमिनी ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान तमसा संकेत के सवाल पर कहा, SA20 सिर्फ रिकॉर्ड बनाने या फैन एंगेजमेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि हर टीम की प्लेइंग इलेवन में वर्ल्ड लेवल के खिलाड़ी मौजूद हैं। उनके मुताबिक, हर टीम में ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकते हैं, और यही किसी बड़े और सफल टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पहचान होती है। उन्होंने आगे कहा, जब भी दो टीमें आमने-सामने आती हैं, तो मुकाबला बेहद कड़ा होता है। खिलाड़ियों और टीमों को जीत के लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन करना पड़ता है, जिससे दर्शकों को भी रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलता है।

# बेंगलुरु ने डब्ल्यूपीएल का पहला मैच जीता

## मुंबई को 3 विकेट से हराया, डी क्लर्क ने आखिरी 4 बॉल पर लगातार 2 चौके 2 छक्के लगाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में जीत से शुरुआत की है। टीम ने इस सीजन के पहले मैच में पिछले साल की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया।DY पाटील स्टेडियम में बेंगलुरु ने 155 रन का टारगेट 20 ओवर में 7 विकेट पर चेज कर लिया। टीम को आखिरी 4 गेंद पर 18 रनों की जरूरत थी। नदीन डी क्लर्क ने लगातार 4 बाउंड्री लगाकर टीम को जीत दिलाई। इनमें दो चौके और 2 छक्के शामिल रहे। मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी में गायक हनी सिंह और बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस ने परफॉर्म किया। इस दौरान मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी मौजूद रहीं। 19वें ओवर की चौथी बॉल पर नदीन डी क्लर्क को दो जीवनदान मिले। उन्होंने शबनिम इस्माइल की बॉल पर मिड विकेट पर खेला, जहां अमीलिया केर से कैच छूट गया। इसी बॉल पर वे रन आउट होने से भी बच गईं। वे दूसरा रन लेने के लिए निकल गई थीं। स्ट्राइकर एंड पर विकेटकीपर जी कमलिनी के बाद उन्हें रनआउट करने का मौका था, लेकिन वे चूक गईं। 12वें ओवर में अरुंधति रेड्डी DRS लेकर आउट होने से बच गईं। अमीलिया केर की 5वीं बॉल उनके पैड पर लगी। फील्ड अंपायर ने उन्हें LBW आउट भी दे दिया था। ऐसे में रेड्डी ने DRS लिया। रिप्ले से पता चला कि स्टंप के ऊपर थी। 155 रन चेज कर रही बेंगलुरु की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने 6 ओवर 57 रन बना डाले। हालांकि, टीम को दो झटके भी लगे। ओपनर ग्रेस हैरिस 25 और कप्तान स्मृति मंधाना 18 रन बनाकर आउट हुईं।



### डी क्लर्क की फिफ्टी, रेड्डी के साथ 52 रन की साझेदारी

एक समय बेंगलुरु ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से नदीन डी क्लर्क और अरुंधति रेड्डी (20 रन) ने 52 रन की संघर्षपूर्ण साझेदारी करके मैच जिताया। डी क्लर्क ने 44 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। इनमें 7 चौके और 2 छक्के शमिल रहे।



### सजना कैरी ने मुंबई का स्कोर 150 पार पहुंचाया

मुंबई की एस सजना (45 रन) और निकोला कैरी (40 रन) ने 49 बॉल पर 82 रन की साझेदारी करके टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। ओपनर जी कमलिनी ने 32 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 20 रन बनाए। नदीन डी क्लर्क ने 4 विकेट झटके। लौरेन बेल और श्रेयांका पाटील को एक-एक विकेट मिला।

## मनोरंजन

# विजय की 'जन नायकन' की रिलीज पर अस्थायी रोक

### सीबीएफसी चुनौती पर मद्रास हाईकोर्ट की फिल्म रिलीज पर रोक

**मुबंई, एजेंसी**

विजय थलापति की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज को लेकर मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मद्रास हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल जज के उस आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है, जिसमें फिल्म को U/A सर्टिफिकेट देने का आदेश दिया गया था। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट में 9 जनवरी की फिल्म से जुड़े मामले की दूसरी सुनवाई हुई। पहली सुनवाई में कोर्ट की सिंगल जज बेंच ने सुबह 10:30 बजे ही सीबीएफसी को U/A सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन हाईकोर्ट के इस फैसले को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC ) ने चुनौती देते हुए फिल्म की दोबारा



जांच करने के लिए रीवाइजिंग कमेटी बनाने की मांग की। सेंसर बोर्ड इस फैसले के खिलाफ रिट याचिका दायर की, जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने रिलीज पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई 21 जनवरी तय की है। पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि सीबीएफसी को फिल्म की रिलीज का विरोध करने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए था।

## फिल्मों के सेट पर झाड़ू लगाई, कमजोरी को अपनी ताकत बनाया

# 52 के ऋतिक रोशन

**मुबंई, एजेंसी**

अगर बॉलीवुड में किसी एक्टर से अपनी कमजोरी को ताकत में बदलकर सफलता के शीर्ष पर पहुंचने की प्रेरणा मिलती है, तो वो बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' कहे जाने वाले ऋतिक रोशन हैं। एक्टर के लिए शब्दों का सही उच्चारण, फिजिकल फिटनेस, डांस और एक्शन की भारी डिमांड रहती है। यही ऋतिक की सबसे बड़ी कमजोरी थी। रिपब्लिक वर्ल्ड में छपी खबर के मुताबिक ऋतिक रोशन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सेट पर वे कड़ी मेहनत करते थे। सेट पर झाड़ू लगाने, चाय परोसने और क्लैप देंने जैसे छोटे-छोटे काम भी किए ताकि वे फिल्म निर्माण की



बारीकियों को समझ सकें। ऋतिक ने यह भी बताया था कि पिता की फिल्मों के पैक-अप के बाद वे अक्सर फिल्मों के सीन दोहराते थे ताकि देख सकें कि वे अभिनय में बेहतर हो रहे हैं या नहीं। बचपन से ही ऋतिक को स्टैमरिंग (हकलाना) की गंभीर समस्या थी। उन्हें एक छोटा सा वाक्य बोलने में भी बहुत दिक्कत होती थी।



### पिता चाहते थे ऋतिक अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें

ऋतिक रोशन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से पूरी की और बाद में सिडेनहम कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उनके पिता राकेश रोशन चाहते थे कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और आगे की पढ़ाई के लिए विदेश जाएं। इसी दौरान उन्हें अमेरिका की एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप का प्रस्ताव भी मिला था। हालांकि ऋतिक के मन में बचपन से ही अभिनय और सिनेमा के प्रति गहरा लगाव था।

**66 बचपन से स्टैमरिंग (हकलाहट) की गंभीर समस्या और 21 साल की उम्र में स्कोलियोसिस नामक एक और गंभीर बीमारी ने ऋतिक के सपनों को कुचलने की पूरी कोशिश की। डॉक्टर्स ने यहां तक कह दिया था कि ऋतिक अगर एक्टिंग को प्रोफेशन के रूप में चुनते हैं**



### फिल्मों के सेट पर झाड़ू लगाते थे

फिल्मी परिवार से होने के बावजूद, ऋतिक को सीधे तौर पर लॉन्च नहीं किया गया था। अभिनेता बनने से पहले उन्होंने जमीनी स्तर पर काम सीखने का फैसला किया और अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के रूप में काम करना शुरू किया।, उन्होंने साल 2000 में 'कहो ना प्यार है' के साथ एक अभिनेता के रूप में डेब्यू किया, लेकिन इस सफर को शुरू करना



## भोजपुरी गाने लॉलीपॉप लागेलू पर लगाए ठुमके, पंजाबी सॉन्ग पर भी नाचीं

# बहन नूपुर की संगीत में जमकर थिरकीं कृति सेनन

**मुबंई, एजेंसी**

एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन की शादी के फंक्शन उदयपुर में शुरू हो चुके हैं। 9 जनवरी को नूपुर और सिंगर स्टेबिन बेन के हल्दी और संगीत फंक्शन का आयोजन किया गया। दोनों ही फंक्शन में कृति जमकर नाचती नजर आईं। इस वक्त सोशल मीडिया में नूपुर और स्टेबिन के फंक्शन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें पूरा परिवार मस्ती करता नजर आ रहा है। एक वीडियो में कृति बहन नूपुर और उनकी सहेलियों के साथ हनीमून ट्रैवल्स के गाने 'सजना जी वारी-वारी' पर डांस करते नजर आ रही हैं। वहीं, उनका एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वो 'फुकेरे' फेम एक्टर वरुण शर्मा के साथ भोजपुरी गाने पर डांस कर रही हैं। वरुण और कृति ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह के गाने 'लॉलीपॉप लागेलू' पर दमदार डांस किया। नूपुर-स्टेबिन कृति के इस परफॉर्मेंस को एंजॉय करते दिख रहे हैं।



### कृति सेनन के बॉयफ्रेंड कबीर लाइमलाइट में

शादी में शामिल होने कृति सेनन के बॉयफ्रेंड कबीर भी आए हैं। वो बुधवार को कृति और उनके परिवार के साथ ही उदयपुर पहुंचे थे। कृति और कबीर को एक साथ उदयपुर एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया था। होटल रैफल्स में कई हाई प्रोफाइल शादियां हो चुकी है।

> *"नूपुर और स्टेबिन बेन के शादी के फंक्शन लेकसिटी के रैफल्स होटल में 9 जनवरी से शुरू हो गए है। 9 को हल्दी और संगीत का प्रोग्राम किया गया। वहीं, आज कपल की मेहंदी सेरेमनी है। इसके लिए होटल में अलग-अलग थीम पर सजावट होगी। 11 जनवरी को दोनों सात फेरे लेंगे। शादी में शामिल होने के लिए बॉलीवुड और टीवी के अलावा म्यूजिक इंडस्ट्री से भी कई स्टार के आने की संभावना है। होटल स्टाफ को भी शादी के सभी फंक्शन की जानकारी सीक्रेट रखने को कहा है।"*

